शनिवार, 28 फरवरी 2026


**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 20 – 33 |
| आर्द्रता | 54% |
| सूर्योदय: 06:00 | सूर्यास्त: 17:39 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, फाल्गुन शुक्लपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : दिखावा कितना भी अच्छा हो भगवान आपकी नियत से जानेगा।



भारत-वेस्टइंडीज 'वर्चुअल क्वार्टर फाइनल' में ईडन गार्डन्स पर रन वर्षा की उम्मीद पृष्ठ 8




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# एसआईआर : आज 2 बजे के बाद प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

## नाम के सामने 'योग्य', 'विचाराधीन' या 'खारिज' दिखेगा

**कोलकाता, समाज्ञा :** 3 महीने की एसआईआर प्रक्रिया के बाद आज यानी शनिवार को पश्चिम बंगाल में अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जायेगी. राज्य चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, अंतिम मतदाता सूची की छपाई का काम जारी है। आज दोपहर के बाद मतदाता सूची में नाम देखा जा सकेगा। राजनीतिक दलों को सीईओ कार्यालय से पेन ड्राइव के माध्यम से सूची उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा, एसडीओ और बीडीओ कार्यालयों में भी सूची उपलब्ध रहेगी। इपिक नंबर के जरिए नाम सर्च करना होगा। संबंधित डीईओ राजनीतिक दलों को 2 कॉपी हार्ड कॉपी भी उपलब्ध कराएंगे।



### हट सकते हैं लगभग 6 लाख नाम

सूत्रों के अनुसार, करीब 5 से 6 लाख नाम हटाए जाने की संभावना है। सुनवाई में अनुपस्थित रहने और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के कारण नाम हटाए गए हैं। बताया गया कि सभी प्रक्रिया पूरी होने के बाद सूची को बुधवार को फ्रीज़ कर दिया गया है और शुक्रवार को इसकी छपाई की गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि अंतिम सूची का प्रारूप ड्राफ्ट सूची जैसा ही होगा। ड्राफ्ट सूची में कुल 7.08 करोड़ नाम शामिल थे। अंतिम सूची में 60 लाख से अधिक नामों पर 'विचाराधीन' का चिह्न रहेगा, जबकि जिन मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, उनके सामने 'खारिज' लिखा होगा। सीईओ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार, ही विवादित मामलों की सुनवाई की प्रक्रिया चल रही है। यह पहली बार होगा जब किसी अंतिम मतदाता सूची में 'विचाराधीन चिह्न' नामों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि शनिवार को अंतिम सूची के प्रकाशन के बाद चरणबद्ध तरीके से पूरक सूचियां जारी की जाएंगी। चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद इन चरणों का निर्धारण किया जाएगा। नामांकन की अंतिम तिथि तक योग्य नामों को जोड़ा जाता रहेगा। सीईओ के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने 28 फरवरी को अंतिम सूची प्रकाशित करने का निर्देश दिया है। जो मामले नामांकन की अंतिम तिथि तक जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत विचाराधीन रहेंगे, उन्हें अंतिम सूची में शामिल माना जाएगा। अंतिम मतदाता सूची ईसीआईनेट पोर्टल के अलावा जिला मजिस्ट्रेट, बीडीओ और एसडीओ कार्यालयों में भी देखी जा सकेगी।

## नहीं रहे हल्दीराम प्रभुजी के प्रभु शंकर अग्रवाल



**कोलकाता,समाज्ञा :** हल्दीराम प्रभुजी के मालिक और मिठाइयों तथा स्नैक्स व्यवसाय क्षेत्र के धुरंधर प्रभु शंकर अग्रवाल का शुक्रवार की रात निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक उनकी तबीयत निवास स्थान में अचानक बिगड़ गई। उन्हे पहले चक्कर आया और फिर बेहोशी जैसी स्थिति बनी। आनन-फानन में उन्हे अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन बताया जाता है कि अस्पताल पहुंचने के पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। उनका अंतिम संस्कार आज किया जाएगा। बड़ाबाजार से छोटे रूप में व्यवसाय की शुरुआत करने वाले श्री अग्रवाल ने अपने व्यापारिक कौशल के जरिए नई ऊंचाइयां छुईं। समाज्ञा उनके आत्मा की शांति की कामना करती है।

## अफगानिस्तान के साथ अब 'खुली जंग' जारी है : पाकिस्तानी रक्षा मंत्री

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान ने शुक्रवार को कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ अब ''खुली जंग'' जारी है और उसकी सेनाओं ने काबुल, कंधार और पक्तिया में हवाई हमलों में 130 से अधिक तालिबान लड़ाकों को मार गिराया। पाकिस्तान द्वारा ये हमले अफगान तालिबान के सीमा पार हमले के जवाब में किये गये। दोनों देशों के बीच 2,611 किलोमीटर लंबी सीमा को 'डूरंड रेखा' कहा जाता है, जिसे अफगानिस्तान औपचारिक रूप से मान्यता नहीं देता।

# कोलकाता, आसपास के जिलों में भूकंप के झटके किए गए महसूस

### जान बचाने के लिए लोग घरों औंर ऑफिस से बाहर सड़कों पर आए

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश के कुछ हिस्सों में शुक्रवार की दोपहर 5.5 तीव्रता का भूकंप आने के बाद कोलकाता और आसपास के जिलों में भी उसके झटके महसूस किए गए। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा कि भूकंप दोपहर 1.22 बजे महसूस किया गया और लोग दहशत में आ गये। उन्होंने कहा कि भूकंप धरती की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में दर्ज किया गया था। अधिकारी ने बताया कि भूकंप का केंद्र बांग्लादेश का सतखीरा जिला था, जो कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर तथा उत्तरी 24 परगना जिले में सीमावर्ती क्षेत्र ताकी से महज 25 किलोमीटर दूर है। राज्य में भूकंप से जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है लेकिन कोलकाता के उत्तरी हिस्से में कुछ प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों ने भूकंप के कारण दीवारों में दरारें पड़ जाने का दावा किया। पश्चिम कोलकाता के बेहाला में पर्णश्री इलाके की सड़कों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गईं। भूकंप के झटके लगभग 10 सेकंड तक महसूस किए गए जिससे कोलकाता के लोग घबरा कर अपने अपने घरों से निकलकर खुली सड़कों पर आ गए। भूकंप के पहले झटके के तुरंत बाद कोई और झटका महसूस नहीं किया गया। राज्य सचिवालय 'नवान्न', विधानसभा भवन और मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में काम करने वाले सरकारी कर्मचारियों में दहशत फैल गई, जो भूकंप के बाद के झटकों की आशंका में कार्यालय से निकल गये। सॉल्टलेक और विभिन्न हिस्सों में स्थित बहुमंजिला आवासीय भवनों में भी इसी तरह के दृश्य देखने को मिले। सप्ताह के आखिरी कार्य दिवस पर सरकारी और निजी कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों ने भी भूकंप के झटकों के अपने अनुभव साझा किए।




## शेयर बाजार में बड़ी गिरावट

### सेंसेक्स 961 अंक लुढ़का, निफ्टी 25,200 के नीचे

**मुंबई :** कमजोर वैश्विक रुझानों, बढ़ते तनाव विदेशी पूंजी की ताजा निकासी के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 961 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 318 अंक टूटकर 25,200 के स्तर के नीचे आ गया। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता में प्रगति न होने से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका ने निवेशक धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक 961.42 अंक यानी 1.17 प्रतिशत लुढ़ककर 81,287.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,089.46 अंक यानी 1.32 प्रतिशत तक गिरकर 81,159.15 अंक पर आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 317.90 अंक यानी 1.25 प्रतिशत गिरकर 25,178.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), महिंद्रा एंड महिंद्रा और मारुति सुजुकी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

**गिरावट से निवेशकों की संपत्ति में 4.98 लाख करोड़ रुपये की कमी**

## तृणमूल कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए चार उम्मीदवारों की घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने आगामी राज्यसभा चुनाव के उम्मीदवार के तौर पर मंत्री बाबुल सुप्रियो, पश्चिम बंगाल के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार, अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी और अभिनेत्री कोयल मल्लिक के नामों की शुक्रवार शाम को घोषणा की। निर्वाचन आयोग ने घोषणा की है कि पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में राज्यसभा की 37 सीट के लिए मतदान 16 मार्च को होगा। तृणमूल कांग्रेस ने 'एक्स' पर लिखा कि हमें आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए बाबुल सुप्रियो, राजीव कुमार, मेनका गुरुस्वामी और कोयल मल्लिक की उम्मीदवारी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही हैं। हम उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हैं। सुप्रियो 2021 में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए थे और वर्तमान में ममता बनर्जी मंत्रिमंडल में मंत्री हैं। कुमार पुलिस महानिदेशक और उससे पहले कोलकाता पुलिस आयुक्त के रूप में कार्य कर चुके हैं। गुरुस्वामी उच्चतम न्यायालय के वकील हैं, जबकि मल्लिक बंगाली फिल्म उद्योग में एक जानी-मानी अभिनेत्री हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने भारत-पाक सीमा के पास स्वदेशी हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में उड़ान भरी

**जयपुर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राजस्थान के जैसलमेर जिले में भारत-पाक सीमा के पास स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) 'प्रचंड' में उड़ान भरी। भारतीय सेना की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति मुर्मू ने 'आलिव ग्रीन' रंग की वर्दी और हेलमेट पहन 'प्रचंड' में बतौर 'सह-पायलट' उड़ान भरी। आधिकारिक बयान के अनुसार यह मिशन दो विमानों के 'एलसीएच फॉर्मेशन' के रूप में क्रियान्वित किया गया। राष्ट्रपति मुर्मु ने ग्रुप कैप्टन नयन शांतिलाल बहुआ के साथ पहले विमान में उड़ान भरी जबकि वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और ग्रुप कैप्टन ए महेंद्र दूसरे विमान में नंबर दो के रूप में सवार थे। लगभग 25 मिनट के इस मिशन के दौरान, उन्होंने गडिसर झील और जैसलमेर किले के ऊपर से उड़ान भरी और एक टैंक लक्ष्य पर हमला किया। उन्होंने उड़ान के दौरान दिए अपने संदेश में 'प्रचंड' को आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रतीक बताया।

# मोदी ने भारतीय कंपनियों से निवेश करने, बजट घोषणाओं का लाभ उठाने का किया आह्वान

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय उद्योग से निवेश एवं नवाचार बढ़ाने का शुक्रवार को आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने आक्रामक पूंजीगत व्यय और बजट में लगातार अनुकूल नीतिगत माहौल बनाकर आधार तैयार कर दिया है और अब निजी क्षेत्र के लिए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी वृद्धि के अगले चरण को आगे बढ़ाने का समय आ गया है। 'विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार एवं वित्त' विषय पर बजट के बाद आयोजित 'वेबिनार' को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय 11 वर्ष पहले दो लाख करोड़ रुपये था जो बढ़कर केंद्रीय बजट 2026-27 में 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। इसने विस्तार के लिए एक मजबूत नींव रखी है। उन्होंने कहा कि अधिक आवंटन निजी क्षेत्र को नए जोश के साथ निवेश करने और 2026-27 के बजट घोषणाओं का



लाभ उठाने का संकेत देता है। मोदी ने कहा, 'भारतीय कंपनियों को नए निवेश एवं नवाचार के साथ आगे आना चाहिए। वित्तीय संस्थानों को व्यावहारिक समाधान तैयार करने और बाजार विश्वास बढ़ाने में सहयोग देना चाहिए।' उन्होंने सुधारों को ठोस परिणामों में तब्दील करने के लिए सरकार, उद्योग और ज्ञान क्षेत्र के भागीदारों के बीच घनिष्ठ सहयोग का आह्वान किया। मोदी ने कहा, 'हमें अवसंरचना में अधिक भागीदारी एवं वित्तीय मॉडल में नवाचार की आवश्यकता है... हमें परियोजना स्वीकृति पद्धतियों को मजबूत करना चाहिए और मूल्यांकन की गुणवत्ता में सुधार करना चाहिए।' सरकार ने पिछले एक दशक में भारत की वृद्धि रणनीति को रिकॉर्ड स्तर के पूंजीगत व्यय के इर्द-गिर्द केंद्रित किया है। निजी निवेश को आकर्षित करने और मध्यम अवधि की उत्पादकता बढ़ाने के लिए राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, डिजिटल अवसंरचना तथा ऊर्जा नेटवर्क पर व्यय में तेज वृद्धि की गई है। हालांकि, निजी क्षेत्र ने अभी तक वह तथाकथित जुझारूपन (एनिमल स्पिरिट) पूरी तरह से प्रदर्शित नहीं किया है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले दशक में भारत की मजबूत क्षमता दृढ़ विश्वास-आधारित सुधारों और कारोबार सुगमता में निरंतर सुधार के प्रयासों से प्रेरित रही है। भारत ने प्रौद्योगिकी-आधारित सुशासन को अपनाया है, संस्थानों को मजबूत किया है और आज भी देश सुधारों के मार्ग पर अग्रसर है।

# आबकारी 'घोटाला' : दिल्ली की अदालत ने केजरीवाल, सिसोदिया, के. कविता और 20 अन्य को बरी किया

## सीबीआई ने आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को शराब नीति मामले में बरी कर दिया और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से नाराजगी जताते हुए कहा कि उसका मामला न्यायिक समीक्षा में खरा उतरने में पूरी तरह विफल रहा। इस मामले में बरी किए गए 21 अन्य आरोपियों में तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष के. कविता भी शामिल हैं। विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह कहा, 'इस अदालत को यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि रिकॉर्ड में रखी गई जानकारी से किसी भी आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्टया भी कोई मामला नहीं बनता, और न ही कोई गंभीर शक है। इसलिए, आरोपी संख्या 1 से 23 को इस मामले में उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से बरी किया जाता है।' सीबीआई




आम आदमी पार्टी (आप) की पूर्ववर्ती सरकार द्वारा अब रद्द की जा चुकी आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार की जांच कर रही है। एजेंसी ने कहा कि वह अधीनस्थ अदालत के फैसले के खिलाफ तत्काल दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील दायर की। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा कि जांच के कई पहलुओं की या तो अनदेखी की गई या उन पर सही से विचार नहीं किया गया। सिंह ने अपने आदेश में कहा कि ऐसा लगता है कि जांच पहले से तय रास्ते पर आगे बढ़ी है, जिसमें नीति बनाने या लागू करने से जुड़े लगभग हर व्यक्ति को फंसाया गया है, ताकि एक कमजोर कहानी को गहराई और भरोसे का भ्रम दिया जा सके। न्यायाधीश ने कहा कि ऐसे आरोपों को गोवा विधानसभा चुनावों से जोड़ना कानूनी तौर पर टिकाऊ चीजों के बजाय धारणा पर ज्यादा आधारित है।






## न्यायिक तंत्र में संवेदना-करुणा को तरजीह

भारतीय समाज में किसी भी तरह की हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिये न्याय पाने की प्रक्रिया में न्यायिक तंत्र की विसंगतियों से जूझना कष्टप्रद रहा है। समाज में सोच रही है कि पहले ही हिंसा का शिकार हुई स्त्री द्वारा अपनी आपबीती को बार-बार दोहराना पुन: उसी यंत्रणा से गुजरना जैसा होता है। उसकी अभिव्यक्ति की गोपनीयता व पहचान सुरक्षित रखने की भी जरूरत महसूस की जाती रही है। विडंबना यह भी रही है कि अक्सर स्त्री के खिलाफ हुई हिंसा से जुड़े मामले में सामाजिक धारणाओं पर पितृसत्तात्मक सोच वाली मानसिकता का वर्चस्व रहता है। निर्विवाद रूप से हर तरफ से हारा-हताश व्यक्ति न्याय की चौखट पर अंतिम सहारे के रूप में जाता है। लेकिन कई बार देखने में आया है कि स्त्री के विरुद्ध हुए अपराध के मुकदमे के दौरान टिप्पणियों व फैसले पर पूर्वाग्रहों का असर नजर आता है, जिसे पहले से पीड़ित स्त्री के कष्ट में इजाफा ही होता है। कहा जाता है कि इस प्रक्रिया में यदा-कदा संवेदनशीलता व करुणा का भाव नदारद पाया गया। यही वजह है कि समय-समय पर शीर्ष अदालत ने न्यायाधीशों के निर्णयों को रूढ़िवादिता के प्रभाव से मुक्त करने के लिये प्रयास किए हैं। इसी आलोक में पिछले दिनों देश की शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी को यौन हिंसा व स्त्री से जुड़े अन्य अपराधों के परिप्रेक्ष्य में जजों तथा न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े लोगों के लिए संवेदनशीलता तथा करुणा विकसित करने की पहल की है। दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। निस्संदेह, इस संवेदनशील पहल का स्वागत किया जाना चाहिए। स्पष्ट है कि सुप्रीम कोर्ट का यह प्रयास भविष्य में नई लीक बनाएगा, जिसमें न्यायाधीश स्त्री के विरुद्ध यौन हिंसा व अन्य अपराधों के मामलों में संवेदनशीलता के साथ सुनवाई कर सकेंगे। इसके साथ ही संभव हो सकेगा कि उनके फैसलों पर किसी सामाजिक भेदभाव की धारणा व पूर्वाग्रह का असर नजर न आए।

निस्संदेह, इस प्रयास से न्याय को अधिक मानवीय व संवेदनशील बनाने में मदद मिल सकेगी। विगत में भी इस दृष्टिकोण की कमी न्यायिक प्रक्रिया में महसूस की जाती रही है। कई तरह की विसंगतियों को कई फैसलों में महसूस किया जाता रहा है। यही वजह है कि शीर्ष अदालत को न्यायिक प्रक्रिया में संवेदनशीलता विकसित करने की जरूरत पर बल दिया गया। हमारे समाज में न्यायाधीशों को पंच-परमेश्वर की संज्ञा दी गई है और उनसे नीर-क्षीर विवेक के साथ संवेदनशील व्यवहार की उम्मीद की जाती रही है। निश्चित रूप से शीर्ष अदालत के हस्तक्षेप के बाद न्यायपालिका के नजरिये में बदलाव के साथ न्यायिक प्रक्रिया में निहित संवेदनशीलता का समावेश हो सकेगा। वैसे तो विगत में भी इस दिशा में कई रचनात्मक पहल की गई हैं, लेकिन उनके आशातीत परिणाम सामने नहीं आए हैं। ऐसा ही एक प्रयास साल 2023 में एक पुस्तिका के रूप में सामने आया था, जिसमें फैसलों में पुरुष प्रधान मानसिकता वाली शब्दावली से परहेज करने का सुझाव दिया गया था। इसके साथ ही विगत में न्याय प्रक्रिया से जुड़े लोगों के लिये लैंगिक संवेदनशीलता पर केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने की जरूरत पर बल दिया जाता रहा है। एक अन्य विकल्प के रूप में न्यायपालिका में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने की जरूरत भी बतायी जाती रही है। दरअसल, एक विसंगति यह भी रही है कि देश की निचली अदालतों में महिलाओं से जुड़े यौन हिंसा व अन्य गंभीर अपराधों के मामले में फैसले देते वक्त सामाजिक यथार्थ की अवहेलना की जाती रही है। फलस्वरूप कानूनी प्रावधानों की व्याख्या में चूक से अपराध की प्रकृति कमतर आंकी जाती है। जिससे पीड़ित महिला की न्याय की डगर मुश्किलों भरी हो जाती है। ऐसे में न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े लोगों को लैंगिक संवेदनशीलता का पाठ पढ़ाए जाने के बाद पीड़िताओं को वास्तविक न्याय मिल सकेगा। तब न्यायाधीश पितृसत्तात्मक दुराग्रहों से निरपेक्ष रहकर महिला के वास्तविक कष्टों को महसूस करते हुए प्राकृतिक न्याय दे सकेंगे। भारत में 21वीं सदी के उन्नत सामाजिक परिवेश में लैंगिक संवेदनशीलता वाला न्याय एक अपरिहार्य स्थिति है। शीर्ष अदालत के इस दिशा में प्रयास वक्त की जरूरत के अनुरूप ही हैं।

# बंगाल में राजनीति गहमागहमी बढ़ी



**राज मिठौलिया**

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों का भी ऐलान नहीं हुआ है लेकिन राजनीतिक समीकरणों की गहमागहमी आभी से शुरू हो गई है। विभिन्न मंचो के अलावा आजकल चाय की दुकानों में गर्म चाय की चुस्की लेनेवाले बुद्धिजीवियों व आम जानता की जुबान पर आसन्न विधानसभा चुनाव की चर्चाएं ही परिलक्षित है। इन चर्चाओं की केंद्र विंदु मुख्यतः दो पार्टियां ही बनी हुई है- इनमें से एक ममता बनर्जी के नेतृत्ववाली तृणमूल कांग्रेस और दूसरी राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भारतीय जनता पार्टी जिसकी कमान शमिक भट्टाचार्य के हाथ में है। रही बात मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी और कांग्रेस की तो दोनों का जनाधार कम होता नजर आ रहा है। इन दोनों पार्टियों परतुष्टिकरण करने के आरोप लगते रहे हैं। वहां पहली बार चुनाव मैदान पर उतरने जा रही हुमायु कबीर के नेतृत्ववाली जनता उन्नयन पार्टी का प्रभाव कितने जिलों पर पड़ेगा, यह अवश्य देखने वाली बाज होगी। पश्चिम बंगाल विधानसभा में ताल ठोकनेवाली राजनीतिक पार्टियों की बढ़ती गतिविधियों के बीच तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी अपनी एकला चलो की नीति पर बड़े दमखम के साथ कायम है। 2021 में हुए विधानसभा चुनाव में भी ममता बनर्जी बिना किसी गठबंधन के अकेले चुनाव में उतरी थी और तीसरी बात सत्ता में आयीं थी वहीं मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी और कांग्रेस ने गठबंधन कर चुनाव लड़ा जिसमें उन्हें शर्मनाक हार का मुंह देखना पड़ा था। हकीकत तो यह है कि तीस वर्षों तक अन्य वामपंथी दलों के साथ राज करने वाली मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी का राजनीतिक वजूद ममजा बनर्जी के जुझारू नेतृत्व के खत्म कर दिया है। यही हाल राज्य में प्रदेश कांग्रेस का भी है। वामपंथी दलों के पहले कांग्रेस ने भी बंगाल में वर्षों शासन किया। लेकिन इन दलों को चुनाव में खड़े होने के लिए उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। इन दलों को जनाधार वाले नेताओं की कमी ने भी परेशान कर रखा है। इस बीच तृणमूल कांग्रेस से निस्कासित विधायक हुमांयू कबीर की नवगटित पार्टी जनता उन्नयन पार्टी ने भी राजनीतिक माहौल गरम कर रखा है। इन तमाम राजनीतिक सरगर्मी के बीच तृणमूल कांग्रेस की सुप्रमीमो ममता बनर्जी अपनी एकला चलो का नीति पर अटल दिख रही है।

ज्ञात हो कि बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाम में कांग्रेस ने किसी भी दल के साथ गठबंधन न कर अकेले चुनाव मैदान में उतरने का ऐलान कर दिया है। जिसके फलस्वरूप उन मतदाताओं को निराश होना पड़ा जिन्होंने तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के खिलाफ वाममोर्चा के साथ मिलकर चुनाव में कड़ी टक्कर देने की सोची थी। पिछले दिनों दिल्ली में पार्टी आध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष श्री राहुल गांधी के अलावा पार्टी के संगठन महासचिव श्री के.सी. वेणुगोपाल के साथ बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष श्री शुभंकर सरकार, वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी व अन्य कई नेताओं के साथ हुई लंबी बैठक के बाद बंगाल में अकेले चुनाव उतरने का फैसला लिया गया। इस बैठक में चुनाव से जुड़ी महत्वपूर्ण रणनीतिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रदेश के प्रभारी जनाब गुलाम अहमद मीर ने इस संबंध में स्पष्ट कर दिया है कि अलग अलग दलों के साथ गठबंदन करने से जमीनी स्तर पर कांग्रेस का कार्यकर्ता व समर्थक हतोसाहित्य होरा रहा है। गौरतलब है कि सन् 2021 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने वामदलों के साथ गठबंधन में लड़ा था लेकिन उसकी झोली में एक भी सीट नहीं गयी थी।

इधर इसी बीच मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता व कोलकाता के पूर्व मेयर श्री विकास रंजन भट्टाचार्य ने कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने के फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि राज्य में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी को इससे फायदा मिलेगा। श्री भट्टाचार्य का यह भी कहना है कि राज्य की जनता भाजपा और तृणमूल कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों के विरूद्ध आवाज उठाती रहेगी। जहां तक संगठन का सवाल है तो तृणमूल कांग्रेस का पार्टी संगठन अन्य दलों के मुकाबले सबसे अधिक मजबूत है।

विशेष रूप से यहां ध्यान देनेवाली बात यह है कि बिहार में हुए विधानसभा चुनाव के समय कई नये दलों के चुनाव मैदान में उतरने से त्रिकोणीय विधानसभा की संभावना तेजी से प्रबल हो रही थी लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। भाजपा के नेतृत्ववाले एनडीए गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिला और उसने नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बना ली।

श्री प्रशांत किशोर के नेतृत्ववाली जनसुराज पार्टी और तेज प्रताप के नेतृववाली पार्टी जनशक्ति जनता दल बुरी तरह पराजित हुई और इनका किंगमेकर बनने का सपना धरासायी हो गया। हालांकि भाजपा ने आपरेशन लोटस को भी तैयार रखा था। ठीक उसी प्रकार बंगाल में भी तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता विधायक हुमायूं कबीर द्वारा नई पार्टी जनता उन्नयन पार्टी गठित कर चुनावी मैदान पर उतरने की घोषणा से चुनावी समीकरमण कुछ जटिल सा दिखने लगा है भले ही तुणमूल कांग्रेस के नेता हुमायूं कबीर को चुनाव में कोई विशेष महत्व देने के मूड नहीं है। हुमायूं कबीर की तरह हैदराबाद के धाकड़ नेता जनाब ओवैसी भी बंगाल विधानसभा चुनाव में ताल ठोकने की बात कर रहे हैं हालांकि उन्होंने अभी तक इस गठबंधन में कोई घोषणा नहीं की है।

यहां यह विशेषरूप से उल्लेखनीय है कि 10 वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर नीतीश कुमार ने देश में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदैन में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, आमित शाह व रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह के अलावा बड़ी संख्या में मौजूद केंद्रीय मंत्रियों व गणमान्य लोगों के बीच में श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर एक रिकार्ड बना डाला। राज्यपाल जनाब आरिफ मोहम्मद खान ने शपथ दिलाई। बिहार चुनाव में नीतीश कुमार की खास बात यह रही कि उन्होंने लालू यादव, तेजस्वी व कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ ही साथ देश में राजनीति के जादूगर के रूप में उभरे श्री प्रशांत किशोर के भी जबर्दस्त शिकस्त दे दी। जिसे वे कभी भुला नहीं पाएंगे। श्री प्रशांत किशेर के तमाम दावों को दरकिनार कर जनता ने उनकी जनसुराज पार्टी के 38 प्रतिशत उम्मीदवारों का जमानत तक जब्त करा दी। सच तो यह है कि प्रशांत किशोर ने चुनाव प्रचार के दौरान बेरोजगारी, रोजगार, पलायन, स्कूलों और आस्पतालों की बदहाली का मुद्दा जोर शोर से उठाया था। सिर्फ इतना ही नहीं श्री किशोर ने दावा किया था कि नीतीश कुमार की पार्टी जदयू 25 सीटों पर सिमट जायेगी और अगर सबसे ज्यादा सीटें जीती तो वे राजनीति छोड़ देंगे। ठीक इसी तरह की राजनीति बंगाल में तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित विधायक हुमायूं कबीर ने भी शुरू कर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चुनौती देते हुए ऐलान कर दिया है कि इश बार मुर्शिदाबाद, मालदा समेत पूरे राज्य में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों को पराजित कर राज्य को विकास के पथ पर ले जाने में अहम भूमिका निभाएंगे। हुमायूं ने भी बड़ी संख्या में उम्मीदवार खड़ा करने का निर्णय ले लिया है एवं प्रशांत किशोर की तरह जिलों पद सभाएं भी आरंभ कर दी है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि हुमायूं कबीर के चुनाव मैदान में उतरने के ऐलान से बंगाल की राजनीति आभी से ही गरमाने लगी है। जबकि तृणमूल कांग्रेस के नेता हुमायूं कबीर की पार्टी को भाजपा की बी टीम बोलते हुए दावा कर रहे हैं कि बंगाल में फिर से उनकी नेत्री ममता बनर्जी को जनता का आपार समर्थन मिलेगा। राज्य के कई मतदाताओं का तो स्पष्ट कहना है कि हुमायूं कबीर का हाल जनसुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर जैसा होगा। वैसे यह सर्वविदित है कि बंगाल चुनाव में भाजपा को छोड़कर सभी राजनीतिक दल अल्पसंख्यक मतदाताओं को लुभाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पिछले कई चुनावों में तृणमूल कांग्रेस के पाले में अल्पसंख्यक मतदाताओं के वोटों में बढ़ोतरी ने यकीनन ममता बनर्जी का हौसला बनाए रखा है। हुमायूं कबीर इस मामले में कौन सा दांव आपनाते हैं, देखने वाली बात होगी।

गौरतलब है कि सन् 2021 में हुए विधानसभा चुनाव में विधानसभा की कुल 294 सीटों में से ममता बनर्जी के नेतृत्ववाली तृणमूल कांग्रेस की झोली में 213 सीटें गयी थी। जो बाद में 215 तक पहुंच गयी थी। ममता बनर्जी के नेतृत्व में पार्टी ने तीसरी बार सत्ता में वापसी की थी और अब चौथी बार सत्ता में वापसी के लिए ममता ने मतदाताओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अपने करीब लाने का प्रयास शुरू कर दिया है। गत चुनाव में राज्य में मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभरी भारतीय जनता पार्टी के खाते में कुल 77 सीटें गयी थी जबकि वामपंथी दलों विशेषकर मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी (माकपा) -कांग्रेस गठबंधन को एक भी सीट नहीं मिली थी। एक सीट आईएसएफ के खाते में गयी थी। गत चुनाव की खास बात यह थी कि 49 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया जिसका फायदा ममता बनर्जी को पहुंचा। 27 मार्च से 29 अप्रैल के बीच आठ चरणों में विधानसभा की कुल 294 सीटों में से 292 सीटों के लिए चुनाव में ममता बनर्जी को तीसरी बार बहुमत मिला था एवं बाद में 30 सितंबर को दो सीटों के लिए चुनाव में भी तृणमूल कांग्रेस के खाते में दोनों सीटे जाने के बाद उनकी सीटों की संख्या 213 से बढ़ कर 215 हो गयी।

पिछले चुनाव में बंगाल में लंबे समय तक सत्ता में रहने का रिकार्ड बनाने वाली मार्क्सवादी कम्यूनिष्ट पार्टी का प्रदर्शन बहुत ही शर्मनाक रहा था। पार्टी एक सीट नहीं जीत पाई थी। यही हाल देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस का था। जिसकी झोली में एक भी सीट नहीं गयी थी। इस मामले में भारतीय जनता पार्टी ने बहुत बेहतर प्रदर्शन करते हुए 77 सीटों पर जबर्दस्त जीत हासिल की थी।

ज्ञातव्य है कि 2026 में हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को सिर्फ तीन सीटें मिली थी। आसन्न विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी तृणमूल कांग्रेस को पछाड़ कर सत्ता में आयेगी, ऐसा केंद्रीय व प्रदेश भाजपा के नेताओं का कहना है। भाजपा नेताओं का कहना है कि राज्य की जनता राज्य सरकार के कुशासन से परेशान है एवं वह परिवर्तन चाहती है। वैसे बंगाल में ममता बनर्जी के पक्ष में प्लस प्वाइंट यह है कि विपक्षी पार्टियों बिखरी हुई हैं। विपक्षी दलों का कोई गठबंधन नहीं है। कांग्रेस ने पहली ही चुनाव में अकेले उतरने का ऐलान कर दिया है। लिहाजा राज्य में सिर्फ अपने दम पर चुनाव लड़ती आयी मुख्य विपक्षी पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने ममता बनर्जी पर मतदाताओं को गुमराह करने का आरोप लगाकर चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है। भाजपा ने बंगालादेशी घुसपैठियों के साथ रोहिंग्याओं का मुद्दा भी उठाने के साथ बेरोजगारी, कानून व्यवस्था, सवालों के घेरे में आयी। स्वास्थ्य सेवाओं पर रोशनी जलनी शुरू कर दी है। यह बिल्कुल 16 आना सच है कि जब घुसबैठ सामान्य से अधिक बढ़ जाती है तो न केवल जन संख्यिकी बल्कि क्षेत्र की संस्कृति भी बदल जाती है। सिर्फ इतना ही नहीं स्थानीय अर्थ व्यवस्था भी बदल जाती है जिसका प्रभाव विकास प्रक्रिया पर सीधे पड़ता है। यह सर्वविदित है कि पहले ही हमारे देश की जनसंख्या इतनी बढ़ी हुई है कि जिसकी वजह से सरकार द्वारा घोषित की गयी जनकल्याणकारी योजनाएं कामयाब नहीं हो पाती। इस संबंध में आज से लगभग 30 साल पहले चेंबर ऑफ कामर्स के तत्कालीन अध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से कहा था कि जब तक देश में बड़ी तेजी से बढ़ती जनसंख्या पर अंकुश नहीं लगता है तब तक तमाम विकास मूलक योजनाएं कामयाब नहीं हो सकती और न ही बेरोजगारी व महंगाई दूर होगी। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जनसंख्या वृद्धि पर अंकुश लगाने के संबंध में अगर देश की सभी पार्टियों ने कोई ठोस निर्णय लिया होता तो आज बेरोजगारी, महंगाई, समेत अन्य तमाम मसलों का हल आसानी से हो गया होता।

बंगाल विधानसभा चुनाव को केंद्र कर शुरू हुई राजनीतिक समीकरणों की गहमागहमी के बीच ही सभी राजनीतिक दलों की तरफ से मतदाताओं को लुभाने के लिए वायदों को पूरा करने को आश्वासन देना भी शुरू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कल्याश्री समेत महिलाओं के लिए कई परियोजनाओं में धनराशि वृद्धि की भी घोषणा कर दी है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने युवा साथीयोजना का भी ऐलान कर दिया है जिसके तहत रुपये अप्रैल माह से युवकों को मासिक डेढ़ हजार रुपये मिलेंगे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तमाम परियोजनाओं पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधानसभा में विपक्ष के नेता भारतीय जनता पार्टी के श्री शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया है कि ममता बनर्जी वोट पाने के लिए ही प्रलोभन दे रही है जबकि सत्ता में आपने पर भाजपा महिलाओं के साथ युवको को भी दोगुना राशि हर माह देगी। मजे की बात तो यह है कि इस तरह का आश्वासन अभी तक न तो वाममोर्चा की तरफ से आया है और न ही कांग्रेस की तरफ से। तथ्य तो यह है कि महिलाओं के लिए जारी कई परियोजनाओं में धनराशि की वृद्धि का भी लाभ मिलना तय माना जा रहा है, जिसका उदाहरण हम बिहार में हुए विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार की पुनः ताजपोशी के रूप में देश की जनता देश चुकी है।

बहरहाल इन आश्वासनों के बीच घुसपैठ व विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर राजनीतिक दलों द्वारा एक दूसरे पर लगाये जा रहे आरोप प्रत्यारोपों का दौर भी जारी है। एक तरफ जहां प्रदेश भाजपा द्वारा सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सरकार पर मतदाताओं को गुमराह करने का आरोप लगाया जा रहा है तो वहीं राज्य सरकार ने एसआईआर प्रक्रिया पर केंद्रीय सरकार व चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के विरूद्ध आवाज उठानी शुरू कर दी है। चुनावी दांवपेंच के बीच पार्टियां अपना जनसमर्थन बढ़ाने की कोशिश में लग गयी है लेकिन इस मामले में इतिहास साक्षी है कि जीत उसी की हुई है जो हार कर भी निराश नहीं हुआ। बल्कि अपने लक्ष्य तक पहुंचने की कोशिश जारी रखी। बंगाल में फिलहाल सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और प्रमुख विपक्षी पार्टी भारतीय जनता पार्टी की चर्चाएं ज्यादा हो रही है। जबकि कांग्रेस और वामपंथी दलों के खेमों में व्याप्त खामोशी भी चर्चा का विषय बनी हुई है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि लोकतंत्र में पारदर्शिता और योग्य प्रतिनिधियों का चयन आवश्यक है. जो यकीनन वक्ता तकाजा भी है। वरिष्ठ पत्रकार, पूर्व अध्यक्ष कोलकाता प्रेस क्लब

# एक नयी शहरी रुपरेखा: शहरी चुनौती कोष भारत के शहरों को किस तरह दे सकता है नया रूप

**श्री श्रीनिवास कटिकिथला**

भारत के शहरीकरण का सफर निर्णायक मोड़ पर है। आज देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में शहरों का बड़ा योगदान है, ये देश के सबसे गतिशील आर्थिक केंद्रों का केंद्र हैं और लाखों लोगों के जीवन स्तर को लगातार प्रभावित कर रहे हैं। फिर भी, ये शहर बुनियादी ढांचे की कमी, जलवायु परिवर्तन के खतरे, वित्तीय बाधाओं और संस्थागत बिखराव जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। अब चुनौती यह नहीं है कि भारत का शहरीकरण होगा या नहीं, बल्कि यह है कि क्या भारत का शहरीकरण प्रभावी, टिकाऊ और समावेशी तरीके से हो पाएगा।

हाल ही में स्वीकृत शहरी चुनौती कोष (यूसीएफ) इस प्रश्न के उत्तर देने के भारत के नज़रिए में एक अहम बदलाव का प्रतीक है। वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2030-31 तक 1 लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता राशि और करीब 4 लाख करोड़ रुपये के कुल निवेश को प्रेरित करने की अपेक्षित योजना के साथ, यह कोष पारंपरिक अनुदान-आधारित वित्तपोषण से हटकर, शहरी ढ़ांचागत विकास के लिए बाजार-आधारित, सुधार-संचालित और परिणाम पर आधारित ढांचे की ओर बदलाव का प्रतीक है।

**अनुदान से बाजार अनुशासन की ओर**

शहरी चुनौती कोष की संरचना उसे पूर्व के कार्यक्रमों से अलग करती है। केंद्रीय सहायता परियोजना लागत के 25 प्रतिशत तक सीमित है और शहरों को कम से कम 50 प्रतिशत राशि नगरपालिका बांड, बैंक ऋण या सार्वजनिक-निजी भागीदारी जैसे बाजार स्रोतों से जुटानी होगी। बाकी राशि राज्यों, शहरी स्थानीय निकायों या अन्य वित्तपोषण माध्यमों से आ सकती है।

यह आवश्यकता कार्यक्रम के मूल में वित्तीय अनुशासन को स्थापित करती है। यह संकेत देती है कि शहरी अवसंरचना अब केवल सार्वजनिक बजट पर निर्भर नहीं रह सकती, इसे राजस्व समर्थित परियोजनाओं के ज़रिए पूंजी बाजारों तक ज्यादा से ज्यादा पहुंच बनानी होगी। ऐसा करके, यह कोष ढ़ांचागत महत्वाकांक्षाओं के साथ राजकोषीय संयम का तालमेल बिठाने की कोशिश करता है।

**शहरी केंद्र की पुनर्कल्पना**

यह कोष तीन विशिष्ट क्षेत्रों पर आधारित है, जो भारत के शहरी परिदृश्य की बदलती प्राथमिकताओं को दर्शाते हैं।

पहला क्षेत्र है विकास केंद्र के रूप में शहरों को देखना। इसके तहत यह माना जाता है कि शहरी क्षेत्र आर्थिक इंजन हैं। यह एकीकृत स्थानिक और पारगमन योजना, आर्थिक गलियारों के साथ अवसंरचना और औद्योगिक, पर्यटन या लॉजिस्टिक्स क्लस्टर जैसे मजबूत आर्थिक आधारों के विकास का समर्थन करता है। इसका मकसद केवल परिसंपत्तियों का निर्माण करना नहीं, बल्कि प्रतिस्पर्धात्मकता और उत्पादकता को भी बढ़ाना है।

दूसरा क्षेत्र, शहरों का रचनात्मक पुनर्विकास, भारतीय शहरीकरण की एक लंबे समय से चली आ रही चुनौती, ऐतिहासिक केंद्रों और केंद्रीय व्यावसायिक जिलों में भीड़भाड़ और गिरावट - का समाधान करता है। ब्राउनफील्ड पुनर्जनन, पारगमन आधारित विकास और सार्वजनिक भूमि के पुनर्गठन को प्रोत्साहित करके, यह कोष मौजूदा शहरी क्षेत्रों के भीतर मूल्यों को उजागर करने का प्रयास करता है। यह भूमि मूल्य अधिग्रहण और संरचित पुनर्विकास मॉडल के तर्क को पेश करता है, जिससे शहर सांस्कृतिक और विरासत चरित्र को संरक्षित करते हुए कम उपयोग वाली संपत्तियों को नवीनीकरण के चालक में बदला जा सकता है।

तीसरा क्षेत्र जल और स्वच्छता पर केंद्रित है, जहां सेवा संतृप्ति, अपशिष्ट जल पुन: उपयोग, बाढ़ शमन और विरासत अपशिष्ट स्थलों के उपचार पर जोर दिया जाता है। इस ढांचे में जलवायु में बदलाव समाहित है, यह मानते हुए कि चरम मौसम की घटनाएं और पर्यावरणीय तनाव शहरी भेद्यता को नया रूप दे रहे हैं।

**छोटे शहरों को वित्तीय मुख्यधारा में लाना**

शहरी चुनौती कोष के सबसे नवोन्मेषी तत्वों में से एक 5,000 करोड़ रुपए की ऋण चुकौती गारंटी योजना है। पहली बार, छोटे शहरी स्थानीय निकायों, खास तौर पर एक लाख से कम आबादी वाले, साथ ही पहाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों के शहरों, को संरचित केंद्रीय गारंटी के साथ बाजार वित्त तक पहुंच प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा रहा है।

प्रारंभिक उधार को जोखिममुक्त करके, यह योजना छोटी नगरपालिकाओं के लिए प्रवेश संबंधी बाधाओं को कम करती है और ऋणदाताओं को विश्वास दिलाती है। ऐसा करके, यह शहरी स्थानीय निकायों को अंतर-सरकारी हस्तांतरणों पर पूरी तरह निर्भर रहने के बजाय, पूंजी बाजारों का लाभ उठाने में सक्षम विश्वसनीय वित्तीय संस्थाओं के रूप में दोबारा स्थापित करना शुरू करती है।

**सुधार ही आधार**

यूसीएफ के तहत केंद्रीय सहायता प्राप्त करना शासन, वित्तीय और नियोजन सुधारों पर निर्भर है। शहरों से अपेक्षा की जाती है कि वे साख में सुधार करें, परिसंपत्ति प्रबंधन प्रणालियों को मज़बूत करें, सेवा वितरण को डिजिटल बनाएं, परिचालन दक्षता बढ़ाएं और एकीकृत भूमि उपयोग तथा गतिशीलता नियोजन ढांचे अपनाएं।

वित्तपोषण लक्ष्यों और मापने योग्य नतीजों से जुड़ा है और लगातार सुधार बाद के संवितरणों के लिए एक पूर्व शर्त है। यह दृष्टिकोण यह दिशा में प्रयास करता है कि अवसंरचना निर्माण के साथ-साथ संस्थागत सुदृढ़ीकरण भी हो, जिससे कमजोर रखरखाव या कुप्रबंधन के कारण परिसंपत्तियों के क्षय का जोखिम कम हो।

शहरी चुनौती कोष शहरी विकास में निजी क्षेत्र की भूमिका को भी पुनर्परिभाषित करता है। बाजार वित्तपोषण को अनिवार्य बनाकर और संरचित जोखिम-साझाकरण व्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करके, यह डिजाइन, वित्तपोषण और संचालन में निजी भागीदारी को और अधिक व्यापक बनाता है।

परियोजना तैयारी सहायता, लेनदेन सलाहकार सहायता और डिजिटल निगरानी प्रणालियों का मकसद परियोजना की व्यवहार्यता और निवेशकों के विश्वास को मजबूत करना है। अगर इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है, तो यह भारत के नगरपालिका बांड बाजार को और बड़ा कर सकता है और शहरी अवसंरचना के लिए वित्त-पोषण आधार को व्यापक बना सकता है।

**सहयोगात्मक कार्यान्वयन मॉडल**

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने इस निधि को एक व्यापक हितधारक व्यवस्था के तहत रखा है। राज्यों, शहरी स्थानीय निकायों, वित्तीय संस्थानों, क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों और निजी विकासकर्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे एक प्रतिस्पर्धी, चुनौती-आधारित प्रक्रिया के ज़रिए इसमें शामिल हों, जो तत्परता और नवाचार को पुरस्कृत करती है।

राष्ट्रीय, राज्य और शहर स्तर पर क्षमता निर्माण के प्रावधान इस ढांचे में अंतर्निहित हैं, यह मानते हुए कि वित्तीय मदद तक पहुंच के साथ-साथ तकनीकी और प्रबंधकीय दक्षता भी ज़रुरी है। डिजिटल निगरानी प्लेटफॉर्म से पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ने और परिणाम-आधारित शासन को मज़बूत करने की अपेक्षा की जाती है।

**भविष्य के लिए तैयार शहरों की राह**

आगामी दशकों में भारत की शहरी आबादी में खासी वृद्धि होने वाली है और इसके साथ ही बुनियादी ढांचे की मांग भी बढ़ेगी। शहरी चुनौती कोष इसी दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आर्थिक विकास, जलवायु परिवर्तन से निपटने की क्षमता और राजकोषीय स्थिरता को एक ही ढांचे में एकीकृत करने का प्रयास करता है।

आखिरकार क्या यह कोष भारत के शहरी विकास की दिशा बदल पाएगा, यह इसके क्रियान्वयन पर ही निर्भर करेगा। लेकिन इसका मकसद साफ है। शहरी चुनौती कोष शहरीकरण को एक वित्तीय बोझ के रूप में नहीं, बल्कि एक निवेश के अवसर के रूप में देखता है, जिसका लाभ उठाया जा सकता है। बाजार अनुशासन, सुधार प्रोत्साहन और मापने योग्य परिणामों को अपने डिजाइन में शामिल करके, यह भारत के शहरी परिवर्तन के अगले चरण को गति प्रदान करना चाहता है, एक ऐसा चरण जिसमें शहर सशक्त, प्रतिस्पर्धी और भविष्य के लिए तैयार विकास केंद्रों में विकसित हों।

(लेखक आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव हैं)

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 28 फरवरी, शनिवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन शुक्लपक्ष द्वादशी, 20:46 तक, नक्षत्र : पुनर्वसु, 09:33 तक, योग : सौभाग्य, 17:03 तक, सूर्योदय: 06:00, सूर्यास्त: 17:39, चन्द्रोदय : 14:37, चन्द्रास्त: 03:36, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 08:55 से 10:22

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए उम्मीदों से भरा और बाकी दिनों से कहीं ज्यादा सकारात्मक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कोई नया पद या जिम्मेदारी मिलने की संभावना है।

**वृष :** आज आपके अंदर आगे बढ़ने और खुद को साबित करने की प्रबल इच्छा रहेगी। प्रतिस्पर्धा का भाव आपको मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा और आपकी मधुर वाणी लोगों के दिलों में जगह बनाएगी।

**मिथुन :** आज आपको हर काम में धैर्य और संतुलन बनाए रखने की जरूरत होगी। व्यवसाय में बड़ा जोखिम उठाने से बचना ही समझदारी होगी, क्योंकि धीरे-धीरे बढ़ना ज्यादा सुरक्षित रहेगा।

**कर्क :** आज आपके नेतृत्व गुण खुलकर सामने आएंगे और टीम के साथ मिलकर काम करने का अवसर आपको नई पहचान देगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम और तालमेल बना रहेगा।

**सिंह :** आज नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन खास रहने वाला है, क्योंकि उन्हें मनपसंद काम मिलने से उत्साह बढ़ेगा और मेहनत का फल भी मिलेगा। अपने कामों में स्पष्टता रखना जरूरी होगा।

**कन्या :** आज का दिन सफलता और संतोष लेकर आएगा। आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी, जिससे रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। इच्छा पूरी होने से आपका मन बेहद प्रसन्न रहेगा।

**तुला :** करियर के लिहाज से आज का दिन आपके लिए शुभ संकेत दे रहा है। रुका हुआ या डूबा धन वापस मिलने से मानसिक राहत और खुशी दोनों मिलेंगी। आपकी कोई बड़ी इच्छा पूरी हो सकती है।

**वृश्चिक :** आज आपके आसपास का माहौल सकारात्मक और आनंदमय रहेगा। आप सबको साथ लेकर चलने की कला से लोगों का विश्वास जीतेंगे। अपने निर्णय खुद लें।

**धनु :** आज का दिन प्रगति और उपलब्धियों का संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिलने से आपकी पहचान और पद दोनों मजबूत हो सकते हैं, साथ ही वेतन वृद्धि की संभावना भी है।

**मकर :** आज का दिन रचनात्मकता और आत्मविश्वास से भरा रहेगा। आप नई योजनाओं और सृजनात्मक कार्यों में उत्साह से भाग लेंगे। जरूरतमंद की मदद करने से मन को सुकून मिलेगा।

**कुम्भ :** आज आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखने और आर्थिक संतुलन बनाए रखने की जरूरत होगी। संतान की ओर से कोई खुशखबरी मिल सकती है, जिससे मन प्रसन्न होगा।

**मीन :** आज का दिन उपलब्धियों और सम्मान का संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और नए अवसर आपके सामने आएंगे। सहकर्मियों का सहयोग आपको हर काम में मजबूती देगा।

## वर्ग पहेली नं. 3365

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | | ■ | | ■ | |
| 13 | | ■ | 14 | | ■ | 15 | | 16 | |
| ■ | 17 | | | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| 19 | ■ | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | 22 |
| 23 | | 24 | | ■ | 25 | 26 | | ■ | |
| | ■ | 27 | | 28 | ■ | 29 | | ■ | |
| 30 | | | ■ | 31 | | | ■ | 32 | |

*बायें से दायें:-* 2) श्वश्रु; पतिमाता, 4) नशीला, 7) केला, 9) दूध की साढ़ी, 10) ताजापन, 12) आदी; दुर्व्यसनी, 13) लक्ष्मी, 14) इस के आगे नहीं, 15) प्रतिबिंब, 17) नासमझ; अनाड़ी, 18) पिसान, 20) झंझट, 21) पुत्री, 23) सीमा, 25) विश्वास, 27) इच्छित; मनचाहा, 29) बड़ा, 30) साँप का बच्चा, 31) मठाधीश, 32) मांस.

*ऊपर से नीचे:-* 1) धज्जी धज्जी, 2) एक वाद्य, 3) परिषद्, 4) चमेली, 5) अशक्त, 6) लाजवंती, 8) पटल; तख़्ता, 11) दुनिया; सौभाग्यकाल, 14) सारा शरीर, 15) पीढ़ा, 16) छत; आच्छादन, 18) स्थान; मकान, 19) एक-दूसरे के निकट, 21) एकाकी, 22) स्मरणशक्ति, 24) प्रहार, 26) मूल्य, 28) उपयोग.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | फ़ी | ■ | का | र्य | कु | श | ल | ■ | अ |
| न | ■ | आ | ज | ■ | ल | ■ | घु | स | ना |
| भ | ड़ा | स | ■ | अं | बु | द | ■ | ■ | व |
| रा | ■ | रा | खा | ■ | ला | ल | च | ■ | श्य |
| ई | खा | ■ | पा | ल | ना | ■ | प | द | क |
| ■ | ल | गा | ना | ■ | ■ | आ | ल | म | ■ |
| ख़ा | ना | ■ | ■ | त | ग | ड़ा | ■ | क | ब |
| वि | ■ | ब | ग | ला | ■ | ■ | घो | ल | ना |
| द | ला | ल | ■ | श | नि | वा | र | ■ | ना |

## सुडोकू-पहेली-3323

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | | | 3 | |
| | | | 6 | 7 | 1 | | | |
| | | 9 | | | 2 | | | |
| | | 7 | | | | 6 | 1 | |
| | 4 | | | | 8 | | | |
| 5 | | 1 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | 2 | 6 | 8 | | 3 | 4 | | |
| | | | | | 7 | 9 | 8 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3322 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 7 | 9 | 8 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 | 6 | 9 | 1 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 6 | 8 | 3 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 | 6 |
| 3 | 8 | 4 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 5 | 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 2 | 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 |

# विधानसभा चुनाव : कल से भाजपा शुरू करेगी परिवर्तन यात्रा, 5000 किलोमीटर का तय होगा सफर

मधु सिंह

- **भाजपा अध्यक्ष ने सभी पार्टियों के कार्यकर्ताओं को शामिल होने की अपील**
- **परिवर्तन यात्रा का रूट और टीजर लॉन्च**
- **अमित शाह, राजनाथ सिंह यात्रा का करेंगे शुभारंभ**



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में चुनाव की घोषणा भले ही अभी नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक पार्टियों ने कमर कसकर तैयारी शुरू कर दी है। इस बीच, कल यानी 1 मार्च से भाजपा अपनी परिवर्तन यात्रा की शुरुआत कर रही है। शुक्रवार को परिवर्तन यात्रा के टीजर और बुकलेट लॉन्च कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने सभी पार्टियों के कार्यकर्ताओं से परिवर्तन यात्रा में शामिल होने की अपील की। उनके साथ इस दौरान विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी, केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार के अलावा भाजपा नेता रितेश तिवारी, देबजीत सरकार और निलांजन राय मौजूद थे। शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि कोई किसी भी मतादर्श का हो, कोई भी राजनीतिक पार्टी करता हो, लेकिन तृणमूल सरकार को पश्चिम बंगाल से हटाने के लिए परिवर्तन यात्रा में शामिल हो सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की परिवर्तन यात्रा 230 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगी।

**❑ इन मुद्दों को लेकर उतरेगी भाजपा**

विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी ने बताया कि चुनाव बाद हिंसा के बाद उत्पन्न स्थिति के अलावा महिला सुरक्षा, बेरोजगारी, दुर्नीति और तुष्टिकरण जैसे मुद्दों को लेकर भाजपा की परिवर्तन यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि परिवर्तन यात्रा 5,000 से अधिक किमी को कवर करेगी जिसके तहत 1 करोड़ से अधिक लोगों तक जनसम्पर्क का लक्ष्य है। कुल 9 यात्रा इसके तहत निकाली जाएगी, 64 बड़ी जनसभाएं और 300 स्वागत कार्यक्रम होंगे।

**❑ एक नजर परिवर्तन यात्रा के रूट पर**

**■ 1 मार्च**

❍ कूचबिहार में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नविन, पूर्व केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक और प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य

❍ मेदिनीपुर में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और शुभेन्दु अधिकारी

❍ नदिया में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री सुकान्त मजूमदार और राहुल सिन्हा

❍ कुल्टी में अन्नपूर्णा देवी, स्मृति इरानी और दिलीप घोष

**■ 2 मार्च**

❍ उत्तर दिनाजपुर में नितिन नविन और दिलीप घोष

❍ मथुरापुर में गृह मंत्री अमित शाह और सुकांत मजूमदार

❍ आमता में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और शमिक भट्टाचार्य

❍ सन्देशखाली में शिवराज सिंह चौहान, शुभेन्दु अधिकारी, शांतनु ठाकुर और लॉकेट चटर्जी

❍ हांसन में देवेंद्र फडणवीस और मिथुन चक्रवर्ती

यह परिवर्तन यात्रा 10 मार्च को समाप्त होगी जिसके बाद ब्रिगेड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा होगी। शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा ऐतिहासिक होगी।

# एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी, कहा... 'कोई नहीं कर सकता हमारे आदेश का उल्लंघन'

## न्यायिक अधिकारियों के प्रशिक्षण मॉड्यूल पर राज्य की आपत्ति खारिज

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा यह बताए जाने के बाद कि निर्वाचन आयोग ने राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में तैनात न्यायिक अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किया था, उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह अपने न्यायिक अधिकारियों को जानता है और वे 'किसी भी चीज से प्रभावित नहीं होंगे'। राज्य की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया। सिब्बल ने पीठ को बताया कि कुछ



अजीबोगरीब घटना घटी है। न्यायाधीशों ने आदेश पारित किया कि सभी तौर-तरीके कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और समिति द्वारा तय किए जाएंगे, जबकि उन्होंने (निर्वाचन आयोग) पीठ पीछे न्यायिक अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं और एक प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किया है जिसमें कहा गया है कि उन्हें क्या स्वीकार करना चाहिए और क्या नहीं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि राज्य में इस प्रक्रिया के लिए तैनात न्यायिक अधिकारी इस पर निर्णय लेंगे। सीजेआई ने कहा कि हम इस तरह की बातें बर्दाश्त नहीं कर सकते। इसका अंत होना चाहिए। हम अपने न्यायिक अधिकारियों को जानते हैं और वे किसी भी चीज से प्रभावित नहीं हो सकते। उन्होंने यह भी कहा कि अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किन दस्तावेजों की जांच की जानी है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि हमारे आदेश बिल्कुल स्पष्ट हैं। पीठ ने कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार इस मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का उल्लंघन करेगी।

# माकपा नेता और अधिवक्ता फिरदौस शमीम के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेता और अधिवक्ता फिरदौस शमीम के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एक जूनियर महिला अधिवक्ता ने बुधवार को मध्य कोलकाता स्थित हेयर स्ट्रीट थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि फिरदौस शमीम ने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया, अश्लील टिप्पणियां कीं और अनुचित शारीरिक व्यवहार किया। साथ ही, डराने-धमकाने और गलत तरीके से रोकने के भी आरोप लगाए गए हैं। महिला अधिवक्ता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 74, 75, 79, 351(2) और 126(2) के तहत मामला दर्ज किया है। इन धाराओं में शीलभंग, यौन उत्पीड़न, आपराधिक धमकी और अवैध रूप से बंधक बनाए जाने जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। इनमें से कई धाराएं गैर-जमानती बताई जा रही हैं। मामले की पुष्टि करते हुए कोलकाता पुलिस की सेंट्रल डिवीजन की डिप्टी कमिश्नर इंदिरा मुखोपाध्याय ने बताया कि एक महिला अधिवक्ता ने शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि अभियुक्त ने यौन प्रकृति की टिप्पणियां कीं, अश्लील व्यवहार किया और उसे डराने की कोशिश की। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# एथलीट स्वप्ना बर्मन तृणमूल कांग्रेस में हुईं शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेप्टाथलॉन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन करने वाली एथलीट स्वप्ना बर्मन शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गईं। उत्तर बंगाल के राजवंशी समुदाय से संबंध रखने वाली स्वप्ना बर्मन को मंत्री ब्रात्य बसु और चंद्रिमा भट्टाचार्य ने सिलीगुड़ी के महापौर गौतम देब की उपस्थिति में तृणमूल कांग्रेस का झंडा सौंपा। पार्टी में शामिल होने के बाद, स्वप्ना बर्मन ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के संघर्ष और जमीनी स्तर से उनके उभरकर आगे आने से प्रेरित होकर, मैंने पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया। वहीं, मंत्री ब्रात्य बसु ने कहा कि हम उनका अपनी पार्टी में स्वागत करते हैं। आज मुझे 'चक दे' और 'दंगल' फिल्मों की याद आ रही है। उन्होंने



यह भी कहा कि हालांकि वे फिल्में काल्पनिक थीं, स्वप्ना बर्मन की उपलब्धियां वास्तविक हैं। मंत्री ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस परिवार की ओर से हम कहना चाहते हैं 'चक दे स्वप्ना'।

# हाई कोर्ट से भाजपा की 'परिवर्तन यात्रा' की मिली सशर्त अनुमति

## यात्रा दोपहर 2-6 बजे तक, अधिकतम 1000 लोग

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कुछ शर्तों के साथ भाजपा को राज्य में अपनी 'परिवर्तन यात्रा' कार्यक्रम के तहत एक और दो मार्च को राजनीतिक रैलियां निकालने की अनुमति दे दी। उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता भाजपा के इस तर्क को स्वीकार किया कि सभा करने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत एक मौलिक अधिकार है। उसने कहा कि वैसे तो आवेदन एक राजनीतिक दल की ओर से दिया गया है, लेकिन 'इस (दलीय) व्यवस्था में ऐसे व्यक्ति शामिल हैं, जो निस्संदेह नागरिक हैं। दोनों दिन विभिन्न जिलों में भाजपा के कार्यक्रमों की अनुमति देते हुए, न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने निर्देश दिया कि ये कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किए जाएं और किसी भी समय प्रतिभागियों की अधिकतम संख्या 1,000 से अधिक न हो। उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया कि हिंसा भड़काने वाले भाषणों की अनुमति नहीं होगी और याचिकाकर्ता शुक्रवार शाम 6 बजे तक पुलिस को 20



स्वयंसेवकों के नाम और उनके मोबाइल फोन नंबर उपलब्ध कराएगा। न्यायमूर्ति घोष ने निर्देश दिया कि किसी भी उल्लंघन या अप्रिय घटना के लिए स्वयंसेवक जिम्मेदार होंगे और पुलिसकर्मियों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखेंगे। उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक सभा स्थल पर और उसके आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाए। भाजपा के वकीलों ने उच्च न्यायालय से कहा कि दुर्गापुर में पुलिस ने रैलियों की अनुमति दे दी है, जबकि अन्य जिलों में अधिकारियों ने अभी तक ऐसा नहीं किया है। उन्होंने तर्क दिया कि अनुच्छेद 19 के तहत सभा करने के अधिकार को राज्य द्वारा छीना या सीमित नहीं किया जा सकता है।

### युवा साथी : राज्य में बेरोजगारों की बाढ़, 84.57 लाख से अधिक मिले आवेदन

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार की सामाजिक सुरक्षा परियोजनाओं की सूची में नई परियोजना 'युवा साथी' के जुड़ने से राज्य की युवा पीढ़ी में भारी उत्साह देखने को मिला। परियोजना के आखिरी दिन यानी गुरुवार तक के आंकड़ों के मुताबिक, इस परियोजना के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से कुल आवेदन करने वालों की संख्या 84 लाख के आंकड़े को पार कर गई है। युावा साथी परियोजना के लिए आवेदन के मामले में दक्षिण 24 परगना ज़िलेवार सूची में शीर्ष पर है। इस ज़िले से कुल 9 लाख 34 हज़ार 285 आवेदकों ने आवेदन किया है, जिसमें कैंप के जरिए ऑफलाइन आवेदन की संख्या ज़्यादा (7 लाख 69 हज़ार 375) है। सूची में मुर्शिदाबाद (7 लाख 14 हज़ार 133) और उत्तर 24 परगना (7 लाख 20 हज़ार 70) एक के बाद एक दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य में ऑफलाइन या कैंप के जरिए कुल 65 लाख 34 हज़ार 51 एप्लीकेशन जमा किए गए हैं। इसके मुकाबले 19 लाख 23 हज़ार 579 एप्लीकेशन ऑनलाइन जमा किए गए हैं। कुल मिलाकर, 26 फरवरी तक राज्य में कुल एप्लीकेंट्स की संख्या 84 लाख 57 हज़ार 630 हो गई है।



# छिटपुट घटनाओं को छोड़ राज्यभर में उच्च माध्यमिक परीक्षा शांतिपूर्ण : परिषद



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में चल रही उच्च माध्यमिक परीक्षा को लेकर पश्चिम बंगाल उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने दावा किया है कि दो-एक अलग-थलग घटनाओं को छोड़कर परीक्षा पूरे राज्य में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रही है। परीक्षा के शुरुआती दिनों की समीक्षा के बाद परिषद ने कहा कि समग्र रूप से परीक्षा का वातावरण और पारदर्शिता बनाए रखी गई है।

परिषद सूत्रों के अनुसार, 17 फरवरी को अंग्रेजी परीक्षा के बाद पूर्व मेदिनीपुर जिले के केशपुर स्थित एक उच्च विद्यालय में तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई थी। आरोप है कि ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रहे एक शिक्षक का कुछ स्थानीय लोगों से विवाद हो गया, जो बाद में हाथापाई में बदल गया। घायल शिक्षक को प्राथमिक उपचार दिया गया।

इसके अलावा, उत्तर 24 परगना के एक परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों और बाहरी लोगों के बीच कहासुनी की घटना सामने आई। स्थिति तनावपूर्ण होने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को नियंत्रित किया। परिषद ने इन दोनों घटनाओं को स्वीकार करते हुए कहा कि ये पूरी तरह से 'विच्छिन्न' मामले हैं और इनका मुख्य परीक्षा प्रक्रिया पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

इस वर्ष उच्च माध्यमिक परीक्षा में लगभग 8 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं। इतने बड़े पैमाने पर परीक्षा संचालन परिषद के लिए बड़ी चुनौती थी। परिषद अध्यक्ष ने बताया कि प्रत्येक केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त पुलिस बल और विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। प्रश्नपत्र लीक रोकने के लिए भी कड़े कदम उठाए गए हैं। अब तक प्रश्नपत्र लीक या बड़े स्तर पर किसी गड़बड़ी की कोई शिकायत सामने नहीं आई है।

परिषद ने स्पष्ट किया कि जहां कहीं भी छोटी-मोटी समस्या सामने आई, वहां प्रशासन ने तुरंत सख्त कार्रवाई की। अधिकारियों का कहना है कि इतने बड़े आयोजन में अलग-थलग घटनाओं को बढ़ा-चढ़ाकर नहीं देखा जाना चाहिए और परीक्षा की समग्र सफलता पर ध्यान देना चाहिए।

## अगले शैक्षणिक सत्र से परियोजना-आधारित विषयों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जायेगा : अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा : राज्य सरकार आगामी शैक्षिक सत्र से उच्चतर माध्यमिक स्तर पर समकालीन एवं परियोजना-आधारित विषयों की एक श्रृंखला शुरू करेगी। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष चिरंजिब भट्टाचार्य ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाना और अध्ययन को उभरते शैक्षणिक तथा करियर क्षेत्रों के अनुरूप बनाना है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों में शुरू किए गए कई विषयों को काउंसिल असिस्टेड कोर्सेज (सीएसी) के तहत लाया जाएगा और परिषद स्कूल समय के बाद नियमित ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित करेगी। सीएसी के तहत शामिल किए जाने वाले विषयों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डेटा विज्ञान, अनुप्रयुक्त कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर सुरक्षा शामिल है।**

## एसएससी मामले में पूर्व एसएससी अधिकारी शांति प्रसाद सिन्हा को हाई कोर्ट से मिली जमानत

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) के पूर्व अधिकारी शांति प्रसाद सिन्हा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धनशोधन मामले में शुक्रवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय से जमानत मिल गई। न्यायमूर्ति जॉय सेनगुप्ता की एकल पीठ ने सख्त शर्तों के साथ सिन्हा की जमानत अर्जी मंजूर की। अदालत ने उन्हें पांच लाख के निजी मुचलके पर रिहा करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्हें अपना पासपोर्ट जमा करने और स्थानीय क्षेत्र से बाहर न जाने का आदेश दिया गया है, जिससे उनकी विदेश यात्रा पर रोक रहेगी। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि वह मामले से जुड़े गवाहों को प्रभावित करने या साक्ष्यों से छेड़छाड़ करने की कोशिश नहीं करेंगे। साथ ही, उन्हें थाने और जांच अधिकारी को दो सक्रिय मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है, ताकि उनसे लगातार संपर्क सुनिश्चित किया जा सके। उल्लेखनीय है कि शांति प्रसाद सिन्हा 2022 से कथित स्कूल भर्ती घोटाले के सिलसिले में न्यायिक हिरासत में थे। इससे पहले वर्ष 2024 में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज मामले में उन्हें उच्चतम न्यायालय से जमानत मिल चुकी थी। हालांकि, ईडी का मामला लंबित होने के कारण उनकी रिहाई संभव नहीं हो पाई थी। ईडी ने आरोप लगाया है कि स्कूल भर्ती प्रक्रिया में धन के बदले अयोग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति की गई। जांच एजेंसियों का दावा है कि कुछ अभ्यर्थियों को खाली उत्तर पुस्तिका जमा करने के बावजूद नौकरी दी गई। इस मामले में सिन्हा का नाम सीबीआई द्वारा दाखिल कई आरोपपत्रों में भी शामिल है।

## बेलडांगा मामला : एनआईए ने संभाला जांच का जिम्मा, 7 आरोपियों को हिरासत

**मुर्शिदाबाद/कोलकाता :** राज्य पुलिस शुक्रवार को मुर्शिदाबाद जिले में हाल ही में हुई बेलडांगा हिंसा मामले की केस डायरी नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) को सौंपने पर सहमत हो गई। पुलिस ने कोलकाता के एक ट्रायल कोर्ट को भी केस डायरी एनआईए को ट्रांसफर करने के अपने फैसले के बारे में बताया। कोर्ट ने बाद में सात आरोपियों को सात दिन की एनआईए कस्टडी में भेज दिया। बाकी 24 आरोपी इस दौरान ज्यूडिशियल कस्टडी में रहेंगे। शुक्रवार को जब ट्रायल कोर्ट ने पुलिस को केस डायरी एनआईए को सौंपने का निर्देश दिया, तो पुलिस के वकील ने कोर्ट रूम में ही तुरंत डॉक्यूमेंट्स ट्रांसफर करने की पेशकश की। हालांकि, एनआईए के वकील ने इस पेशकश को मना कर दिया और जोर दिया कि फॉर्मल प्रोटोकॉल का पालन किया जाए, जिसमें केस डायरी कोलकाता स्थित एनआईए ऑफिस में सौंपी जाए।

# वेतन बढ़ोतरी की मांग पर आशा कर्मियों का प्रदर्शन, पुलिस से झड़प



**कोलकाता, समाज्ञा :** करीब 500 आशा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन के बाहर प्रदर्शन किया। निषेधाज्ञा का हवाला देकर पुलिस द्वारा हटाने की कोशिश किए जाने पर आशा कर्मियों की पुलिस से झड़प हो गई। आशा कर्मियों का कहना है कि वे राज्य की स्वास्थ्य योजनाओं और टीकाकरण अभियानों में अहम भूमिका निभाती हैं और रोज 12 घंटे से अधिक काम करती हैं, फिर भी उन्हें चार हजार 500 रुपये से कम मानदेय मिलता है और पिछले तीन महीनों से भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने मानदेय बढ़ाकर 15 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव एन. एस. निगम से मिलने की अनुमति नहीं मिली।

# साउथ हावड़ा श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा का 'रंगोत्सव-26' धूमधाम से संपन्न




**हावड़ा :** साउथ हावड़ा श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा द्वारा होली के उपलक्ष्य में रंगारंग समारोह 'रंगोत्सव-26' का आयोजन हावड़ा मिल्स क्लब हाउस में हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञानशाला के बच्चों द्वारा नमस्कार महामंत्र पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से हुई। इसके बाद साउथ हावड़ा की युवती मंडल ने भी आकर्षक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनों की सराहना प्राप्त की।

समारोह की अध्यक्षता बाबूलाल बोथरा ने की। मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र जैन चोरड़िया, विशिष्ट अतिथि हनुमानमल भूतोड़िया तथा उद्घाटनकर्ता श्री एवं श्रीमती अमरचंद-अलका दुगड़ सहित प्रकाश पारख, माणकचंद डागा, गुलाब पींचा, निर्मल कुमार बेंगाणी, शर्मिला नाहटा, देवेंद्र फुलफगर, मदनचंद मरोठी, शिखरचंद लुणावत, प्रकाश मालू आदि गणमान्य अतिथियों का स्वागत सभा अध्यक्ष लक्ष्मीपत बाफना ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सुशील गिड़िया, बजरंग डागा, सुशील सुराणा, राजेंद्र सुराणा, कपिल धारीवाल, पवन बेंगाणी, जितेंद्र तातेड़, आदेश चोरड़िया और अमित बेगवाणी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समारोह का मुख्य आकर्षण राजस्थान से पधारे गायक चैतन्य दधीच की संगीतमय प्रस्तुति रही, जिनके सुरीले गीतों ने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया और श्रोता झूम उठे। लगभग चार घंटे तक चले कार्यक्रम में गायक सोनू कंवर, सोनल राईका एवं उनकी टीम ने भी शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आनंद करीब 1500 अतिथियों ने लिया।

समारोह के संयोजक मनोज कोचर, गुलाब बैद, सुनील जैन (दुगड़), रणजीत सिंह बैद तथा सह-संयोजक कमल कुमार श्यामसुखा, पारस भूतोड़िया एवं उनकी टीम ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उपस्थित सभी अतिथियों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन सभा मंत्री बसंत पटावरी ने किया। सहयोगी संस्थाओं महिला मंडल, युवक परिषद, प्रोफेशनल फोरम एवं अणुव्रत समिति-ने भी अपने दायित्वों का निर्वहन बखूबी किया। यह जानकारी पवन बेंगाणी द्वारा उपलब्ध कराई गई।

# ममता के निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर में सुकांत का घर-घर संपर्क कार्यक्रम



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता सुकांत मजूमदार ने शुक्रवार को कोलकाता के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में घर-घर संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान, उन्होंने विधानसभा चुनाव के लिए दीवारों पर भित्तिचित्र बनाने में भी भाग लिया। उन्होंने दावा किया कि यदि ममता बनर्जी भवानीपुर से दोबारा चुनाव लड़ने का फैसला करती हैं तो वह चुनाव हार जाएंगी। उन्होंने दक्षिण कोलकाता स्थित निर्वाचन क्षेत्र में घर-घर जाकर संपर्क कार्यक्रम चलाया, जहां से तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने 2021 के विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम से हारने के बाद उपचुनाव में जीत हासिल की थी। भाजपा की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष मजूमदार ने दावा किया कि भाजपा राज्य में 2026 का विधानसभा चुनाव जीतेगी। केंद्रीय मंत्री ने भवानीपुर के चक्रबेरिया में भाजपा के पार्टी कार्यालय के पास एक दीवार पर भगवा रंग से कमल का चिह्न बनाया।

# न्यूटाउन के बाजार में देर रात फटा सिलेंडर, कई दुकानें जलकर राख

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यूटाउन के गौरांग नगर बाजार में आधी रात को भीषण आग लग गई। एक के बाद एक कम से कम 14-15 दुकानें जलकर राख हो गईं। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग पानी की तलाश में इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलते ही तीन फायर इंजन तुरंत मौके पर पहुंचे। रात भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक सब कुछ जल चुका था। मिली जानकारी के अनुसार, बाघजोला नहर के किनारे गौरांग नगर बाजार, राजारहाट-न्यूटाउन इलाके के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक है। यहां हर सुबह भीड़ जमा होती है और बाजार लगता है। इस भीड़भाड़ वाले इलाके में भीषण आग लगी। शुरू में माना जा रहा था कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी। इसी शॉर्ट सर्किट की वजह से एक दुकान में रखा गैस सिलेंडर फट गया, जिससे आग और बढ़ गई। दमकल विभाग फिलहाल आग लगने की सही वजह का पता लगाने की कोशिश कर रहा है। राजरहाट-न्यूटाउन के विधायक तापस चटर्जी आग लगने की जानकारी मिलने पर आधी रात को मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित व्यापारियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# सुपरसोनिक ने यूजीईएल से किया दीर्घकालिक एलएनजी समझौता, ब्लू एनर्जी बेड़े को बढ़ावा



**कोलकाता, समाज्ञा :** सुपरसोनिक ने अपने एलएनजी बेड़े के विस्तार को गति देते हुए अल्ट्रा गैस एंड एनेर्जी लिमिटेड (यूजीईएल) के साथ दीर्घकालिक एलएनजी आपूर्ति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह करार ब्लू एनेर्जी मोटर्स के एलएनजी-संचालित भारी-भरकम ट्रकों के संचालन को मजबूत आधार देगा। कोलकाता में हुए समझौते के तहत यूजीईएल के रिटेल नेटवर्क के माध्यम से प्रमुख माल ढुलाई गलियारों में संरचित ईंधन आपूर्ति ढांचा विकसित किया जाएगा, जिससे लंबी दूरी के संचालन में निर्बाध एलएनजी उपलब्धता सुनिश्चित होगी। सुपरसोनिक आईसी के निदेशक एस.के. मित्तल (अग्रवाल) ने कहा कि विश्वसनीय ईंधन आपूर्ति से स्वच्छ माल ढुलाई समाधान को जिम्मेदारीपूर्वक विस्तार देने में मदद मिलेगी। वहीं, यूजीईएल के एमडी एवं सीईओ मकसूद शेख ने इसे स्वच्छ परिवहन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कंपनी के अनुसार, ब्लू एनर्जी मोटर्स के एलएनजी और इलेक्ट्रिक ट्रक अब तक 9 करोड़ किमी से अधिक दूरी तय कर 25,000 टन से ज्यादा सीओ उज2 उत्सर्जन में कमी ला चुके हैं।

## महिंद्रा ने पश्चिम बंगाल में नए बोल्ड लुक और बेहतर मास्ट डिज़ाइन के साथ पेश की नई रोटावेटर सीरीज़

**कोलकाता :** महिंद्रा एंड महिंद्रा ने पश्चिम बंगाल में अपनी नई महिंद्रा रोटावेटर सीरीज़ लॉन्च करने की घोषणा की। चौड़े मास्ट डिज़ाइन के साथ नए बोल्ड लुक वाली यह नई महिंद्रा रोटावेटर सीरीज़ भारी-भरकम काम के लिहाज़ से बेहतरीन प्रदर्शन सुनिश्चित करती है और दिखने में भी मज़बूत है। नई रोटावेटर सीरीज़ भारी-भरकम रोटावेटर श्रेणी – महावेटर और महावेटर एचडी – में 4 से 9 फुट तक रेंज में उपलब्ध होगी। डॉ. अनुषा कोथंदरमन, उपाध्यक्ष और प्रमुख – अंतरराष्ट्रीय परिचालन और व्यवसाय प्रमुख – फार्म मशीनरी – महिंद्रा फार्म इक्विपमेंट बिज़नेस ने आकर्षक डिज़ाइन वाली रोटावेटर सीरीज़ पर अपनी टिप्पणी में कहा, खेती की उत्पादकता बढ़ाने के लिए मशीनीकरण बेहद ज़रूरी है और रोटावेटर खेतों को तैयार करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

## सागरदिघी में आम बागान से 18 ताजा बम बरामद

**मुर्शिदाबाद :** जिले के सागरदिघी थाना के मनिग्राम क्षेत्र के आदिकांतनगर गांव में सड़क किनारे आम बागान से करीब 18 ताजा बम बरामद हुए। दो कपड़े के झोलों के भीतर विस्फोटक सामग्री रखी हुई थी। जैसे ही घटना की सूचना फैली इलाके में व्यापक तनाव फैल गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूचना मिलने पर शुक्रवार की देर रात करीब 2:15 बजे सागरदिघी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। आम बागान को घेरकर तलाशी चलाने पर दो बैगों में बम रखे होने के प्रमाण मिले। इसके बाद पुलिस ने तुरंत इलाके को घेर लिया। घटना के बाद बम स्क्वॉड को खबर दी गई। मौके पर दमकल की एक गाड़ी भी पहुंची। सुरक्षा के मद्देनज़र विस्फोटकों को निष्क्रिय करने की प्रक्रिया शुरू की गई। किसने और किन कारणों से उस इलाके में बम जमा कर रखे थे, इसकी जांच पुलिस कर रही है।

# कृष्णनगर-लालगोला रेलखंड में 1 मार्च को सबवे निर्माण, ट्रैफिक ब्लॉक से कई ट्रेनें प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल के कृष्णानगर-लालगोला रेलखंड में जियागंज और पीरतला स्टेशनों के बीच स्थित लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 154/ई एवं 165/ई के स्थान पर एलएचएस के निर्माण कार्य के लिए 1 मार्च 2026 को सुबह 10:40 बजे से शाम 4:40 बजे तक छह घंटे का ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इस कारण इस खंड में कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार, 1 मार्च को 31861/31864 कृष्णानगर-लालगोला-कृष्णानगर लोकल, 53171/53180 सियालदह-लालगोला-सियालदह पैसेंजर तथा 31773/31774 रानाघाट-लालगोला-रानाघाट लोकल रद्द रहेंगी।

इसके अलावा, कुछ ट्रेनों का आंशिक समापन एवं आंशिक प्रारंभ किया जाएगा। 63107 सियालदह-लालगोला मेमू मुर्शिदाबाद में आंशिक रूप से समाप्त होगी, जबकि 63104 लालगोला-सियालदह मेमू लालगोला के स्थान पर मुर्शिदाबाद से प्रारंभ होकर दोपहर 2:30 बजे पुनर्निर्धारित समय पर चलेगी। 13113 कोलकाता-लालगोला हजारद्वारी एक्सप्रेस कृष्णापुर में आंशिक रूप से समाप्त होगी तथा 13114 लालगोला-कोलकाता हजारद्वारी एक्सप्रेस कृष्णापुर से प्रारंभ होकर शाम 5:00 बजे पुनर्निर्धारित समय पर रवाना होगी। 63133 रानाघाट-लालगोला मेमू कृष्णापुर में आंशिक रूप से समाप्त होगी। वहीं, 31769 रानाघाट-लालगोला लोकल मुर्शिदाबाद में समाप्त होगी और 31770 लालगोला-रानाघाट लोकल लालगोला के बजाय मुर्शिदाबाद से प्रारंभ होकर अपराह्न 3:45 बजे पुनर्निर्धारित समय पर चलेगी। इसके अतिरिक्त, यात्रियों की सुविधा के लिए एक विशेष अप पैसेंजर ट्रेन 1 मार्च को सुबह 10:40 बजे कृष्णानगर से प्रस्थान कर कसिमबाजार पहुंचेगी और वहां से दोपहर 12:30 बजे सियालदह के लिए रवाना होगी।

# 7वां आईसीसी ग्लोबल एजुकेशन समिट 2026 में 2047 तक विकासशील भारत के लिए शिक्षा रणनीति



**कोलकाता, समाज्ञा :** इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा 7वां आईसीसी ग्लोबल एजुकेशन समिट 2026 द पार्क, कोलकाता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विकसित भारत 2047: ट्रांसफॉर्मिंग गवर्नेंस, करिकुलम एंड टैलेंट फॉर ए ग्लोबल नॉलेज इरा विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में नीति-निर्माता, शिक्षाविद और उद्योग विशेषज्ञ शामिल हुए। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि सुकांत मजूमदार, केंद्रीय राज्य मंत्री (शिक्षा) एवं पूर्वोत्तर विकास ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, डिजिटल शिक्षा, कौशल सुधार और पूर्वोत्तर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे पर सरकार की पहलों को रेखांकित किया। स्वागत भाषण सत्याम रॉयचौधरी (आईसीसी राष्ट्रीय विशेषज्ञ समिति अध्यक्ष, चांसलर, सिस्टर निवेदिता युनिवर्सिटी) ने दिया। समिट चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल (सीईओ, हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस) ने शासन सुधार, नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र और वैश्विक मानकों पर जोर दिया। फ्रेंच दूतावास की जूलिया मार्टिन ने भारत-फ्रांस अकादमिक सहयोग पर प्रकाश डाला।

सम्मेलन में प्रोफ. वी.एन. राजशेखरन पिल्लई, संजीव सान्याल, मदन मोहन मोहंका और अन्य विशेषज्ञों ने शिक्षा और उद्योग-सरेखण पर विचार साझा किए। पैनलिस्टों में प्रो बिस्वजॉय चटर्जी, प्रो अनुपम बसु, डॉ. वी.के. राय, नताशा अग्रवाल, डॉ. बिश्वजीत साहा, प्रो. अजय कुमार रे, प्रोफ. सिबरम खरा, मनोजित सेनगुप्ता, प्रोफ. विभा टंडन और तथागत घोष शामिल थे। इस सत्र को प्रो ध्रुबज्योति चट्टोपाध्याय और प्रो सैबाल चट्टोपाध्याय ने मॉडरेट किया। सम्मेलन में नवाचार, उद्योग-अकादमिक सहयोग, कौशल-एकीकृत मॉडल और वैश्विक प्रतिस्पर्धा पर जोर दिया गया। समिट ने 2047 तक भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने की सामूहिक प्रतिबद्धता दोहराई। औपचारिक धन्यवाद सत्र सिमरप्रीत सिंह ने प्रस्तुत किया।

## न्यूज अपडेट

### हावड़ा डिवीजन में होली के दिन 65 ईएमयू लोकल ट्रेनें रद्द

**कोलकाता :** हावड़ा डिवीजन में होली के दिन सुबह के समय यात्रियों की कम संख्या को देखते हुए 03 मार्च को 65 ईएमयू लोकल ट्रेनें रद्द कर दी जाएंगी। रद्द होने वाली प्रमुख ट्रेनों में हावड़ा-वर्दवान मेन लाइन की अप ट्रेनें 37819, 37711 और 37843 तथा डाउन ट्रेनें 37822 और 37612 शामिल हैं। हावड़ा-वर्दवान कॉर्ड लाइन की अप ट्रेनें 36071, 36817, 36825, 36827, 36081 और 36033 तथा डाउन ट्रेनें 36072, 36814, 36830, 36834, 36082, 36034 और 36840 रद्द रहेंगी। हावड़ा-बंडेल मेन लाइन की अप ट्रेनें 37213, 37215, 37219, 37221, 37227, 37243, 37201 और 37511 तथा डाउन ट्रेनें 37224, 37202, 37232, 37236, 37240, 37246 और 37512 रद्द रहेंगी। इसके अलावा, हावड़ा-शेवड़ाफुली, हावड़ा-तारकेश्वर, नैहाटी-बंडेल, हावड़ा-श्रीरामपुर और वर्दवान-कटवा की कई ट्रेनों को भी रद्द किया गया है। विशेष सूचना यह है कि 03 मार्च को हावड़ा-वर्दवान लोकल (37815) और वर्दवान-हावड़ा लोकल (37824) सभी स्टेशनों पर रुकेंगी।

### हावड़ा स्टेशन का ओल्ड कैब रोड होली भीड़ प्रबंधन के लिए 3 दिन शाम में रहेगा बंद

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा स्टेशन से होली मनाने के लिए अपने घर जाने वाले यात्रियों की सुविधा हेतु विशेष ट्रेनों का संचालन भी किया जा रहा है। संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए 28 फरवरी से 3 मार्च तक हावड़ा स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। जानकारी के अनुसार, यात्रियों की सुगम और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए हावड़ा स्टेशन का ओल्ड कैब रोड 28 फरवरी, 1 मार्च और 2 मार्च 2026 को प्रतिदिन शाम 6:00 बजे से रात 11:00 बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान ओल्ड कैब रोड का उपयोग यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया के रूप में किया जाएगा, ताकि त्योहार के दौरान बढ़ी भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। निर्धारित समयावधि में यात्रियों और वाहन चालकों को ओल्ड कैब रोड के स्थान पर न्यू कैब रोड का उपयोग करने की सलाह दी गई है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि उक्त अवधि में किसी भी वाहन को ओल्ड कैब रोड में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

### 'द केरल स्टोरी' के निर्देशक सुदीप्तो सेन की 'चरक: फेयर ऑफ फेथ' का ट्रेलर रिलीज

**कोलकाता, समाज्ञा :** फिल्म चरक: फेयर ऑफ फेथ का दमदार ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जिसने दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। लोककथा-आधारित इस थ्रिलर को सुदीप्त सेन का समर्थन प्राप्त है, जो द केरला स्टोरी के निर्देशन के लिए जाने जाते हैं। फिल्म 6 मार्च 2026 को देशभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। निर्देशक शीलादित्य मौलिक के निर्देशन में बनी यह फिल्म ग्रामीण भारत में प्रचलित अंधविश्वास, तांत्रिक अनुष्ठानों और कठोर धार्मिक परंपराओं की पृष्ठभूमि पर आधारित है। ट्रेलर 'चरक मेला' के इर्द-गिर्द रचा गया है, जो गहरी आस्था और खतरनाक रस्मों के लिए जाना जाता है। दृश्यों में दिखाया गया है कि कैसे पूरा समुदाय मेले की तैयारियों में जुटा है, लेकिन जैसे-जैसे अनुष्ठान आगे बढ़ते हैं, आस्था और कट्टरता के बीच का संघर्ष भयावह रूप ले लेता है। निर्माताओं के अनुसार, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की समीक्षा के बाद कुछ सुझाए गए संशोधनों के साथ फिल्म को मंजूरी मिल गई है। पेन स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म में अंजलि पाटिल, साहिदुर रहमान, सुभ्रत दत्ता, शशि भूषण और नलनीश नील प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति का हास्य कवि सम्मेलन, तीन घंटे गूंजते रहे ठहाके



**कोलकाता :** श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति के बैनर तले गुरुवार को कला मंदिर प्रेक्षागृह में भव्य हास्य कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में देशभर से आए कवियों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभापति दिनेश कुमार बिहानी, पवन कुमार कनोई, कृष्ण कुमार मूंधड़ा, सौहेल, संदीप डाबरीवाल, बिमल खेड़िया, दिव्यांश अग्रवाल, दिनेश डालमिया, मनोज गोयल व संजय तोदी ने गणेश व सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। टाटा के ऑफिसर्स अविनाश, इमरान, पवन मिश्रा तथा सेल के शोवमा शंकर बंद्योपाद्याय, नरेश गुप्ता, नवीन आर्य उपस्थित रहे। सचिव गोविंद रांधड़, कोषाध्यक्ष विकास नेवटिया, उपसभापति मुरारीलाल डिडवानिया, दिनेश कुमार कालानी, उपसचिव विजय दारुका, राजीव कुमार सिंघी, संयोजक शिव कुमार कनोई, सुशील अग्रवाल, संजय जैन, प्रदीप परसरामपुरिया, मनोज बंसल, प्रदीप जालान, सोमनाथ कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। कुशल कौशलेंद्र ने संचालन किया। साक्षी तिवारी ने श्रृंगार रस की कविता से तालियां बटोरीं। सुदीप भोला ने होली पर हास्य से माहौल जीवंत किया। यश भारती सम्मानित डॉ. विष्णु सक्सेना ने भावपूर्ण रचना प्रस्तुत की। 'द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज' के उपविजेता एहसान कुरैशी ने देशप्रेम से ओतप्रोत प्रस्तुति दी। तीन घंटे तक हॉल खचाखच भरा रहा। अंत में सचिव गोविंद रांधड़ ने सभी के प्रति आभार जताया।

# कल्याणी मेडिकल कॉलेज के जूनियर बॉयज हॉस्टल से मेडिकल छात्र का शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले में कल्याणी जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज के अंतिम वर्ष के छात्र पुलक हलदर के परिवारवालों ने दावा किया है कि उसकी हत्या की गई है। बता दें कि पुलक हलदर की सड़ी-गली लाश हॉस्टल के कमरे से मिली थी। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि मेडिकल छात्र के शव का पोस्टमार्टम शुक्रवार को किया जाएगा और उसके बाद ही मौत के पीछे कारणों का पता चल पाएगा। मृतक मेडिकल छात्र के पिता सुधांशु हलदर के मुताबिक, उनके बेटे के शरीर पर कई चोटें और कट के निशान पाए गए, जिससे उन्हें मर्डर का शक हुआ। उन्होंने आगे बताया कि यह निश्चित रूप से यह स्वाभाविक मृत्यु का मामला नहीं है। हम इस मामले की गहन और निष्पक्ष जांच की मांग करते हैं।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पुलक को आखिरी बार 20 फरवरी को हॉस्टल कैंटीन में खाना खाने जाते हुए देखा गया था। तब से वह हॉस्टल परिसर से बाहर नहीं निकला था और न ही उसे किसी साथी छात्र या हॉस्टल अधिकारियों ने देखा था। गुरुवार (26 फरवरी) को उसके छात्रावास के कमरे से दुर्गंध आने लगी। अंदर से कोई जवाब न मिलने पर दरवाजा तोड़कर खोला गया और उसका सड़ा शव बरामद हुआ। उसके परिवार के सदस्यों ने पुलिस को यह भी बताया है कि पुलक से उनकी आखिरी टेलीफोन पर बातचीत 20 फरवरी को हुई थी, जो कि उसके लापता होने का दिन है।

# राज्य में तीन उप कुलपतियों की नियुक्ति बाकी, राज्यपाल ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी

**नयी दिल्ली/कोलकाता**



राज्य के 36 विश्वविद्यालयों में उप कुलपतियों की नियुक्ति से जुड़े मामले में दायर याचिका पर राज्यपाल सीवी आनंद बोस की ओर से पेश वकील ने कोर्ट को बताया कि राज्य के केवल 3 विश्वविद्यालयों के उप कुलपतियों की नियुक्ति शेष रह गई है। शेष कुलपतियों की नियुक्ति हो चुकी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ को यह जानकारी राज्य सरकार की ओर से सीनियर एडवोकेट जयदीप गुप्ता तथा राज्यपाल की ओर से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने दी। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि हमें यह दर्ज करते हुए अत्यंत संतोष हो रहा है कि 3 विश्वविद्यालयों को छोड़कर सभी में कुलपतियों की नियुक्ति हो चुकी है। शेष 3 के संबंध में हमें पूर्व मुख्य न्यायाधीश और चयन समिति के अध्यक्ष जस्टिस यू.यू. ललित का पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें कहा गया है कि चयन समिति मार्च 2026 के प्रथम सप्ताह में इंटरव्यू आयोजित करने की संभावना रखती है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री और राज्यपाल के बीच उत्पन्न गतिरोध के कारण नियुक्तियां लंबित थीं। अदालत के हस्तक्षेप और जस्टिस यू.यू. ललित की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के प्रयासों से चरणबद्ध तरीके से 25 विश्वविद्यालयों में नामों को अंतिम रूप दिया गया। इसके बाद, शेष 11 विश्वविद्यालयों का प्रश्न लंबित था। जनवरी में अदालत को बताया गया कि 8 और नामों को मंजूरी मिल गई है। अब केवल 3 यूनिवर्सिटी में नियुक्ति प्रक्रिया शेष है, जिसके लिए चयन समिति मार्च के आरंभ में इंटरव्यू आयोजित करेगी। अदालत ने उम्मीद जताई कि शेष नियुक्तियां भी शीघ्र पूरी कर ली जाएंगी, जिससे राज्य के यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सकें।

## पिलखाना मर्डर केस की जांच करेगी सीआईडी, आरोपी की तलाश में पुलिस तत्पर

### पुलिस चौकसी बढ़ी, सियासत गरमाई

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के गोलाबाड़ी थाना क्षेत्र के पिलखाना में हुए गोलीकांड और हत्या के मामले में मुख्य आरोपी अब तक फरार हैं। घटना के काफी समय बाद भी पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने में सफल नहीं हो सकी है। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति सामान्य बताई जा रही है, लेकिन किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए इलाके में पुलिस पिकेट तैनात कर दी गई है और निगरानी बढ़ा दी गई है। सूत्रों के अनुसार, विवाद की शुरुआत महिलाओं की कुर्ती के ऑनलाइन ऑर्डर को लेकर हुई। अलीगढ़ के एक व्यवसायी ने फोरशोर रोड निवासी परवेज नामक व्यक्ति से करीब 50 हजार रुपये की कुर्तियों का ऑर्डर दिया था। आरोप है कि डिलीवरी में फटी हुई कुर्तियां भेजी गईं।

इसके बाद पैसे की वापसी को लेकर पिलखाना के हारुन से संपर्क किया गया। मामले में सौफिक खान के हस्तक्षेप के बाद विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया। आरोप है कि इसके बाद हुई गोलीबाड़ी में सौफिक को निशाना बनाया गया। घटना को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। भाजपा नेता उमेश राय ने कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं, जबकि राज्य के मंत्री अरूप राय ने कहा कि पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही है और दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## सीईओ कार्यालय के बाहर शुभेंदु अधिकारी के साथ कथित दुर्व्यवहार पर हाई कोर्ट ने मांगी पुलिस रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा**

नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के बाहर कथित रूप से हुए दुर्व्यवहार के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने कोलकाता पुलिस से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन की खंडपीठ ने राज्य पुलिस को निर्देश दिया कि वह पांच मार्च तक इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट अदालत के समक्ष प्रस्तुत करे। यह आदेश शुभेंदु अधिकारी द्वारा दायर याचिका पर दिया गया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि मंगलवार को सीईओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा उनके साथ की गई कथित हूटिंग और अभद्र व्यवहार को रोकने में शहर पुलिस ने कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया। अदालत ने कोलकाता पुलिस को यह भी बताने को कहा है कि संबंधित बीएलओ के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गई है। मामले की अगली सुनवाई पांच मार्च को निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को केंद्रीय कोलकाता स्थित सीईओ कार्यालय के बाहर उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जब शुभेंदु अधिकारी ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे। उसी दौरान प्रदर्शन कर रहे कुछ बीएलओ ने कथित रूप से उनके खिलाफ नारेबाजी की और कुछ लोगों को उनकी ओर जूते उछालते हुए भी देखा गया। घटना के बाद अधिकारी ने प्रदर्शनकारियों की कड़ी आलोचना करते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की थी।

## कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति ने आयोजित किया होली प्रीति सम्मेलन, समाजसेवियों को किया सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति की ओर से पारीक भवन, बड़ाबाजार में होली प्रीति सम्मेलन का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत जय जय राजस्थान समूह द्वारा प्रस्तुत होली गीतों से हुई, जिसने कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण और रंगीन बना दिया। समाजसेवी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। समिति के उपाध्यक्ष मुरारी लाल ने रुचिका गुप्ता (सन्मार्ग) को सम्मानित किया। समिति अध्यक्ष महेंद्र चौधरी ने सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं पूर्व विधायक संजय बक्सी को पुष्प गुच्छ प्रदान किया। समिति सचिव नंदकिशोर भूतड़ा ने पूर्व विधायक स्मिता बक्शी को सम्मानित किया। सम्मेलन संयोजक कैलाश चंद खेडिया ने पार्षद राजेश सिन्हा को पुष्प गुच्छ दिया, जबकि कोषाध्यक्ष बजरंग लाल खेडिया ने पार्षद विजय ओझा को सम्मानित किया। सुप्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. अशोक सिंह को जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार जैन ने सम्मानित किया। समाजसेवी महेन्द्र अग्रवाल को भी पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर गंगासागर मकरसंक्रांति मेला में सेवा कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं का स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मान किया गया। सम्मानित कार्यकर्ताओं



में राजेश कुमार गुप्ता, विष्णु गुप्ता, सुरेश गुप्ता, अवंतिका चांडक, रामगोपाल सराफ, धीरज अग्रवाल शामिल थे। साथ ही, जय जय राजस्थान समूह को समिति के सह-सचिव दयानंद गुप्ता ने सम्मानित किया। इस अवसर पर सह-सचिव कमल चंद बैद, सदस्य सुशील कुमार मिमाणी, राजकुमार पसारी, मुकेश गुप्ता, अरुण बागडोदिया, रमेश चंद्र भूतड़ा, नरेश मित्तल, सुरेंद्र शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, सुनील गुप्ता, मनोज तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

**CHANGE OF NAME**

I, Chandaka Gowramma, mother of Army No.8037684W, Rank- Naik (NK), Name- Pradeep Chandaka resident of Moidavijayaram Puram, Vizianagaram District, Andhra Pradesh- 535280. My name been recorded incorrectly in my son's service record as Gowramma. I do hereby declared that have changed my name from Gowramma to Chandaka Gowramma Vide affidavit Sl. No. 21841 Before the Ld.1st Class Judicial Magistrate at Alipore, dated 13.02.2026

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/604, दिनांक 26.02.2026, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं. : एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/48/25-26/एसएफ, आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** सियालदह मंडल में रि-गर्डीरिंग के संबंध में सिग्नलिंग कार्य (1) एसडीएएच-डीडीजे खंड में स्टेशन बीएनएक्सआर और डीडीजे के बीच अप मेन, डाउन मेन, लाइन नंबर 7 और कॉमन लाइन पर ब्रिज नंबर 27, (2) एसडीएएच-डीडीजे खंड में स्टेशन एसडीएएच और बीएनएक्सआर के बीच अप मेन और डाउन मेन लाइन पर ब्रिज नंबर 7, (3) एनसीसी यार्ड में ब्रिज नंबर 1ए, (4) बीआरपी-एलकेपीआर खंड में स्टेशन डीबीटी-बीएआरयू के बीच ब्रिज नंबर 17, (5) एसपीआर-सीजी खंड में स्टेशन पीएलएफ-सीएचटी के बीच ब्रिज नंबर सी/9, (6) केजीके कॉर्ड खंड में स्टेशन एसजीबीए और पीक्यूएस के बीच अप और डाउन लाइन पर ब्रिज नंबर X/15 (आरयूबी), (7) एसडीएएच-डीडीजे खंड में ब्रिज नंबर 20, (8) डीडीजे-केओएए खंड में ब्रिज नं. 1सीपी (9) केजीके-बीएलएन खंड में ब्रिज नं. X-23 (आरयूबी) (10) डीडीजे-डीकेएई खंड में बालीघाट स्टेशन लिमिट में अप और डाउन लाइन पर ब्रिज नं. 14सीसीआर और (11) डीडीजे-डीकेएई खंड में स्टेशन बीएआरएन-डीएकेई के बीच अप और डाउन लाइन पर ब्रिज नं. 5सीसीआर (आरयूबी)। **निविदा मूल्य :** रु.2,35,30,129.07, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.2,67,700/-, **कार्य की समापन अवधि:** 9 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 11.03.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 25.03.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 25.03.2026 को 14.30 बजे। विवरण यहाँ से देखा जा सकता है: **www.ireps.gov.in तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** सिग्नल या टेलीकम का कोई भी कार्य जिसमें सिग्नल या टेलीकम केबलों की खुदाई, बिछाना और परीक्षण या कोई अन्य विविध आउटडोर एस एंड टी कार्य शामिल हैं। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-425/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना/दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **ई-निविदा सूचना संख्या : एसटी-पीआरओजे-केजीपी-एचडब्ल्यूएच-6ईआई, कार्य के नाम का संक्षिप्त विवरण एवं उसका स्थान:** खड़गपुर मंडल में श्यामचक, बालीचक, हाउर, भोगपुर, फुलेश्वर और मौरीग्राम फ्लाईओवर ब्लॉक हट में पुराने इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग को नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से बदलने के लिए भवन के निर्माण को छोड़कर सभी एस एंड टी कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 55,62,06,414.70, **बयाना राशि:** रु.29,31,000/-, **ई-निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 27.03.2026 को 15.00 बजे। वेबसाइट जिस पर निविदा प्रकाशित की गई है: **www.ireps.gov.in** (PR-1242)

# रंगों के त्योहार पर घर जाना होगा आसान : पूर्व रेलवे चलाएगा 276 होली स्पेशल ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने होली 2026 के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक स्तर पर होली स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। इस वर्ष रंगों के पर्व पर यात्रियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कुल 276 विशेष यात्राओं का संचालन किया जाएगा। त्योहार के दौरान नियमित ट्रेनों में बढ़ती वेटिंग सूची को कम करने और यात्रियों को राहत देने के लिए 66 विशेष ट्रेनों का संचालन सीधे पूर्वी रेलवे द्वारा किया जा रहा है। ये विशेष सेवाएं हावड़ा-रक्सौल, सियालदह-मधुबनी, कोलकाता-मधुबनी, सियालदह-गोरखपुर, आसनसोल-



गोरखपुर, हावड़ा-खातीपुरा, डानकुनी-आनंद विहार, मालदह टाउन-आनंद विहार, सियालदह-मालदह टाउन, कोलकाता-न्यू जलपाईगुड़ी, मालदह टाउन-उधना तथा डानकुनी-पटना सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों पर चलाई जाएंगी।

रेलवे सूत्रों के अनुसार, ट्रेन संख्या 03131 (सियालदह-गोरखपुर) और 03185 (कोलकाता-मधुबनी) में लगभग 100 प्रतिशत बुकिंग हो चुकी है, जबकि अन्य कई स्पेशल ट्रेनों में अभी सीटें उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, अन्य रेलवे जोनों द्वारा संचालित 116 विशेष यात्राएं भी पूर्वी रेलवे के अधिकार क्षेत्र से प्रारंभ या समाप्त होंगी। इनमें कोलकाता-डिब्रूगढ़, मालदह टाउन-सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल, भागलपुर-गांधीधाम, हावड़ा-पटना, जमालपुर-सहरसा, हावड़ा-नई दिल्ली, कोलकाता-योग नगरी ऋषिकेश तथा कोलकाता-लालकुआं जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं शामिल हैं। साथ ही, अन्य जोनों की 94 'पासिंग-थ्रू' (गुजरने वाली) विशेष ट्रेनें भी पूर्वी रेलवे नेटवर्क से होकर संचालित होंगी, जिससे यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिलेगी।

यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने विशेष इंतजाम किए हैं। स्टेशनों और ट्रेनों में आरपीएफ की तैनाती बढ़ाई जाएगी, सघन टिकट जांच अभियान चलाया जाएगा तथा गर्मी को देखते हुए पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस प्रकार, कुल 276 विशेष यात्राओं के माध्यम से पूर्वी रेलवे होली के अवसर पर यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और सुगम यात्रा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे अपने परिवार के साथ रंगों का यह पर्व आनंदपूर्वक मना सकें।

**Notice Inviting e-Tender**

e-Tenders are hereby invited from the bonafied and resourceful bidders vide **NIT No- 366/ISAL/Jangipara/25-26** for 02 nos. works & **367/ISAL/Jangipara/25-26** for 01 no. work, **Date-26.02.2026** by the undersigned through Online mode (**www.wbtenders.gov.in** ). Last date of submission of online bid on **02/03/2026 at 13:00 PM.**

**Sd/-**
**Block Development Officer**
**Jangipara Development Block**

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.:** ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-36-2025-26, **दिनांक 20.02.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण, सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, प्रथम तल, डीआरएम कार्यालय, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.** : ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-36-2025-26, **कार्य का नाम** : "सियालदह मंडल के डीईबी, बीईबी, बीपीसी, बीपी और एनएच में प्लेटफॉर्म का विस्तार" के संबंध में प्रभावित ओएचई के रूपांतरण कार्यों के साथ 25 केवी ओएचई की डिजाइन, ड्रॉइंग, आपूर्ति एवं स्थापना तथा संबंधित विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.4,32,27,690.40, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **बयाना राशि :** रु.3,66,100/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **अंतिम तिथि** : दिनांक 26.03.2026 को 15.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

SDAH-424/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. : 283_2025-26, दिनांक 26.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा** के अधीन निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **ई-निविदा सं. 283_2025-26, कार्य का विवरण** : एडीईएन/एजेड के तहत आजिमगंज स्टेशन में 03 वर्ष के लिए 3.2 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का परिचालन एवं रखरखाव। **अनुमानित मूल्य :** रु. 87,77,028.08, **बयाना राशि:** रु. 1,75,600/- **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 36 (छत्तीस) माह । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 19.03.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्स्ड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-653/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा संख्या:** वर्कएरियामॉनिटरिंग2026। **निविदा का प्रकार:** खुली निविदा। **अंतिम तिथि और समय:** एनआईटी शीर्षक में वर्णित अनुसार। **कार्य का नाम:** सीएलडब्ल्यू लोकोशॉप - 2026 में 'कार्य क्षेत्र की निगरानी' का निष्पादन। **कार्य स्थल:** सीएलडब्ल्यू /लोकोशॉप, चित्तरंजन, पश्चिम बंगाल -713331। **कार्य का उद्देश्य:** निम्नलिखित का आकलन करने के लिए, सीएलडब्ल्यू लोकोशॉप के 12 विभिन्न स्थानों पर 'कार्य क्षेत्र की निगरानी' का निष्पादन [सांविधिक दायित्व के अनुसार, कारखाना अधिनियम, 1948 और पश्चिम बंगाल कारखाना नियम, 1958 के प्रावधानों का पालन करते हुए] : (i) वायु संदूषण, जैसे कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड आदि की सांद्रता, (ii) धूल (एसपीएम और आरएसपीएम), (iii) शोर का स्तर और (iv) रोशनी का स्तर। **स्थानों की संख्या:** सीएलडब्ल्यू लोकोशॉप में 12 स्थान। **कार्य की अवधि :** 45 दिन। **कार्य का मूल्य (रुपये):** ₹ 64,428.00/- (रुपये चौंसठ हजार चार सौ अट्ठाईस और पैसे शून्य मात्र) सभी करों सहित। **ई-निविदा कागजातों की लागत:** एनआईटी के अनुसार। **बयाना राशि:** एनआईटी के अनुसार।

उप सीएमई/ईएलएफ एवं उप सीएसओ/सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन

PR6/302

हमें यहां देखें: www.facebook.com/clwrailways

**दोल यात्रा के दौरान सियालदह मंडल के तहत कुछ उपनगरीय ट्रेन सेवाएँ निरस्त**

दोलयात्रा उत्सव के अवसर पर, खास कर सुबह के समय, यात्रियों की संख्या में भारी कमी की वजह से नीचे उल्लेखित उपनगरीय ट्रेन सेवाएं **दिनांक 03.03.2026 (मंगलवार)** को निरस्त रहेंगी एवं **दिनांक 04.03.2026 (बुधवार)** को रविवार के दिन की समय-सूची के अनुसार यात्रा करेंगी:

**दिनांक 03.03.2026 (मंगलवार) को निरस्त ट्रेन**

**मेन लाइन: सियालदह-बर्द्धमान:** 31151/31152. **सियालदह-रानाघाट:** 31601, 31613, 31617, 31631/31602, 31614, 31624, 31634, 31636. **रानाघाट-गेदे:** 31747, 31749, 31753, 31755/ 31744, 31746, 31748, 31750, 31754. **सियालदह-गेदे:** 31911, 31917/ 31926. **रानाघाट/कृष्णनगर सिटी जंक्शन-शांतिपुर:** 31585/ 31586. **कृष्णनगर सिटी जंक्शन-रानाघाट:** 31723, 31725/ 31722, 31726, 31728. **सियालदह-कृष्णनगर सिटी जंक्शन** : 31801, 31815, 31831/ 31802, 31834, 31838, 31813. **रानाघाट-शांतिपुर:** 31781, 31783/ 31782, 31784, 31786. **सियालदह-शांतिपुर:** 31511, 31515, 31521, 31527/31512, 31522, 31528, 31534. **रानाघाट-बनगाँव जंक्शन:** 33711, 33713, 33717, 33719, 33729, 33733 / 33716, 33720, 33724, 33732. **सियालदह-बैरकपुर:** 31215, 31217, 31219, 31223, 31225, 31227, 31229, 31231, 31237 / 31216, 31218, 31220, 31224, 31226, 31228, 31230, 31236, 31240. **बिधाननगर रोड-बैरकपुर:** 31261. **बिधाननगर रोड-नैहाटी:** 31471. **सियालदह-नैहाटी:** 31411, 31413, 31417, 31423, 31425, 31427, 31435, 31437, 31443/ 31414, 31416, 31418, 31424, 31432, 31434, 31438, 31440, 31450. **कृष्णनगर सिटी जंक्शन-आमघाटा हॉल्ट:** 31881/31882. **कल्याणी-सियालदह:** 31342.

**मध्य अनुभाग: बारासात-बनगाँव जंक्शन.:** 33363, 33365/33362, 33364, 33366,33372. **सियालदह-बारासात:** 33401, 33433/ 33402, 33434, 33436, 33438. **सियालदह-हाबरा:** 33651, 33655, 33657/ 33652, 33656, 33658. **सियालदह-बनगाँव जंक्शन.:** 33801, 33811, 33813, 33821, 33825, 33849/ 33802, 33812, 33816, 33818, 33822, 33856, 33858. **सियालदह-दमदम:** 33411/ 33412. **सियालदह-मध्यग्राम:** 33421/ 33422. **सियालदह-दत्तपुकुर:** 33615/33620. **सियालदह-हासनाबाद:** 33513, 33521/33526, 33528. **बारासात-हासनाबाद:** 33311, 33315, 33327, 33319, 33321/33314, 33316, 33318. **हासनाबाद-दमदम कैण्ट:** 33322. **दमदम कैण्ट-बनगाँव जंक्शन.:** 33893.

**चक्र रेल : बीबीडी बाग-कृष्णनगर सिटी जंक्शन:** 30145. **बैरकपुर-बीबीडी बाग:** 30116. **बीबीडी बाग-कल्याणी:** 30113. **बालीगंज-बैरकपुर:** 30111. **नैहाटी-बालीगंज:** 30122. **बैरकपुर-माझेरहाट:** 30112. **माझेरहाट-बारासात:** 30311. **हासनाबाद-माझेरहाट:** 30321, 30324. **हासनाबाद-बीबीडी बाग:** 30322.

**सीसीआर लाइन : सियालदह-डानकुनी:** 32213, 32221, 32225, 32229, 32233, 32249/ 32214, 32222, 32226, 32230, 32234, 32252. **सियालदह-बारुईपाड़ा:** 32411, 32413/32412, 32414.

**सियालदह साऊथ सेक्शन : सियालदह-डॉयमण्ड हार्बर:** 34812, 34826/ 34811, 34833. **बारुईपुर-डॉयमण्ड हार्बर:** 34892/34891. **सोनारपुर-डॉयमण्ड हार्बर:** 34882/34881. **सियालदह-बीबीडी बाग:** 30412/30411. **सोनारपुर-कैनिंग:** 34356, 34360/34353, 34355. **सियालदह-कैनिंग:** 34502, 34512, 34530, 34532/ 34501, 34511, 34521, 34539. **चम्पाहाटी-माझेरहाट:** 30511. **घुटियारी शरीफ-सोनारपुर:** 34391. **माझेरहाट-घुटियारी शरीफ:** 30552. **सोनारपुर-चम्पाहाटी:** 34392. **सियालदह-कोमागाता मारु बजबज:** 34112, 34128, 34148/ 34111, 34127, 34147. **सियालदह-बारुईपुर:** 34602, 34616, 34618, 34622, 34628, 34646/ 34601, 34615, 34617, 34621, 34629. **सियालदह-लक्ष्मीकांतपुर:** 34714, 34742/34711, 34749, 34751. **लक्ष्मीकांतपुर-नामखाना:** 34934/34933. **बारुईपुर-लक्ष्मीकांतपुर:** 34332, 34334/34331. **बारुईपुर-सोनारपुर:** 34311. **सियालदह-सोनारपुर:** 34412, 34414, 34418, 34420, 34434/ 34413, 34415, 34419, 34423, 34425, 34431. **एसी लोकल: रानाघाट-सियालदह:** 31638, 31637. **रानाघाट-बनगांव जंक्शन-सियालदह:** 33762, 33761. **सियालदह-कृष्णनगर सिटी जंक्शन:** 31845, 31846. **सियालदह-कल्याणी:** 31347, 31344.

**दिनांक 04.03.2026 (बुधवार) को व्यवस्थाएं**

(i) **एसी लोकल का निरस्तीकरण: रानाघाट-सियालदह:** 31638, 31637. **रानाघाट-बनगाँव जंक्शन-सियालदह:** 33762, 33761. **सियालदह-कृष्णनगर सिटी जंक्शन:** 31845, 31846. **सियालदह-कल्याणी:** 31347, 31344.
(ii) रविवार के आवागमन की समय-सूची का अनुपाल किया जाएगा।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पावरेड ने आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 के आधिकारिक स्पोर्ट्स ड्रिंक के तौर पर भारत में कदम रखा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पावरेड ने आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप के आधिकारिक स्पोर्ट्स ड्रिंक के रूप में भारत में कदम रखा है। द कोका-कोला कंपनी के इस स्पोर्ट्स हाइड्रेशन ब्रांड का लॉन्च 22 फरवरी को अहमदाबाद में भारत के सुपर-8 मैच के दौरान किया गया। विटामिन बी3 और इलेक्ट्रोलाइट्स से युक्त पावरेड खिलाड़ियों और फिटनेस प्रेमियों के लिए तैयार किया गया है। इसे माउंटेन ब्लास्ट (ब्लू) और फ्रूट पंच (रेड) फ्लेवर में पेश किया गया है। फ्यूल योर पावर अभियान के तहत ब्रांड से शुभम गिल और नीरज चोपड़ा जुड़े हैं। दोनों खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण और रिकवरी में हाइड्रेशन के महत्व पर जोर दिया। पावरेड मार्च 2026 से बाजार में उपलब्ध होगा। 250 मि.ली. पैक की कीमत 20 रुपये और 500 मि.ली. पैक की कीमत 50 रुपये तय की गई है।

## धूमधाम से निकाली गयी श्री श्याम बाबा की निशान यात्रा

**कोलकाता :** हर साल की भांति इस साल भी श्री श्याम बाबा की निशान यात्रा बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली गई जिसमें करीबन 2000 भक्त निशान लेकर शुक्रवार सुबह हिंदुस्तान पार्क (न्यू अलीपुर) से श्री श्याम मंदिर चंडीतल्ला तक गए। तारक सिंह ने पत्रकार धर्मवीर सिंह को जानकारी देते हुए बताया कि इस बार भी धूमधाम से निशान यात्रा निकाली गई जिसमें सभी भक्त बढ़ -चढ़कर हिस्सा लिए। वहीं दूसरी और श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन संध्या के समय किया गया था जिसमें भक्तों का जन सैलाब देखने के लिए मिला जिसमें प्रसिद्ध भजन प्रवाहक मौजूद रहे और श्याम के भजनों पर भक्त झूमते गाते हुए



दिखाई दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से तारक सिंह (प्रेसिडेंट), अमित सिंह (सेक्रेटरी), मनोज चौधरी (वाइस प्रेसिडेंट), सौरभ अग्रवाल (प्रेसिडेंट - श्याम मंदिर), चेतन अग्रवाल, पुनीत कनोई, संदीप अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, विकास शर्मा, विनोद चमड़िया, राजेश अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल के अलावा कई अन्य मेंबर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# राज्य में बम ई-मेल से फिर दहशत! पोस्ट ऑफिस और पासपोर्ट केंद्र हुए खाली

- **ई-मेल में सायनाइड गैस और आरडीएक्स का दावा**
- **लगातार चार दिनों से मिल रही हैं धमकियां**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के कई जिलों में गुरुवार के बाद शुक्रवार को भी बम विस्फोट की धमकी वाले ई-मेल भेजे जाने से दहशत फैल गई। धमकी भरे ई-मेल मुख्य रूप से डाकघरों और उनसे जुड़े पासपोर्ट सेवा केंद्रों को भेजे गए। एहतियातन संबंधित परिसरों को तत्काल खाली करा लिया गया। हालांकि, तलाशी अभियान के दौरान कहीं से भी कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। पता चला है कि इस दिन, दोपहर में हुगली के हेड पोस्ट ऑफिस को धमकी भरा ई-मेल मिला। इसी परिसर में पासपोर्ट सेवा केंद्र भी स्थित है। इसके कुछ ही देर बाद श्रीरामपुर के महकमा डाकघर को भी इसी तरह का ई-मेल प्राप्त हुआ। प्रशासन ने तत्काल सेवाएं बंद कर भवन खाली कराया, जिससे कार्यालय में मौजूद लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा। मौके पर पुलिस और बम निरोधक दस्ता पहुंचकर जांच में जुट गया। इसी क्रम में, पश्चिम बर्दवान जिले के आसनसोल पोस्ट ऑफिस, बांकुड़ा हेड पोस्ट ऑफिस और हावड़ा के मुख्य डाकघर को भी धमकी भरे संदेश मिले। हावड़ा में डाकघर के साथ न्यू कलेक्टरेट बिल्डिंग में भी बम की अफवाह फैल गई, जहां जिलाधिकारी कार्यालय सहित जिला प्रशासन के कई महत्वपूर्ण विभाग स्थित हैं। एहतियातन पूरे परिसर को खाली कराकर सघन तलाशी ली गई।

धमकी भरे ई-मेल में दावा किया गया था कि सायनाइड गैस से भरा आरडीएक्स बम दोपहर 12:10 बजे पासपोर्ट कार्यालय में विस्फोट करेगा। 11 बजे के भीतर सभी को बाहर निकाल लें। गुरुवार को पुलिस-प्रशासन की सक्रियता की परीक्षा ली गई थी, आज यह परीक्षा नहीं होगी। ई-मेल की सूचना मिलते ही कर्मचारियों और आम लोगों में भय का माहौल फैल गया। हालांकि, निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी किसी प्रकार का विस्फोट नहीं हुआ। पुलिस ने स्निफर डॉग और बम निरोधक दस्ते की मदद से सभी स्थानों पर गहन तलाशी अभियान चलाया, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। अधिकारियों के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला फर्जी धमकी का प्रतीत होता है, फिर भी सुरक्षा में कोई ढिलाई नहीं बरती जा रही है।

**NOTICE INVITING TENDER**

**NIT NO - APAS/JM/ENIT-49/25-26 dated 27/02/2026**

**Name & Location of work :-** Construction of various development works at different location in different wards under Jhalda Municipality. Date of uploading of N.I.T. & other Documents (online) (Publishing Date) : **27/02/2026 from 03.30 P.M.** onwards. Documents download/sell start date (Online) : **27/02/2026 at 04.00 P.M.** Documents download/sell end date (Online) : **05/03/2026** up to **01:30 P.M.** Bid submission start date (Online) : **27/02/2026** at **04.00 P.M.** Bid Submission closing (Online) : **05/03/2026** up to **01:30 P.M.** Bid opening date for Technical Proposals (Online) : **07/03/2026 at 02:00 P.M.** All relevant details available at **www.wbtenders.gov.in**

**Sd/-**
**Chairman**
**Jhalda Municipality**

**e-Tender**

Office of The Pingla Panchayat Samiti invites Tender

**NOTICE INVITING E-TENDER NO.**

| NIT No. | Last Date of Application |
|---|---|
| Pingla/e-NIT/Pathashree-3 /044/2025-26 | 16/03/2026 Up to 16.00 Hrs. |

Details of the Tender notice is available in website wbtenders.gov.in

**Sd/-**
**Executive Officer,**
**Pingla Panchayat Samiti**

### बिहार का बजट सत्र समाप्त, विधानमंडल के दोनों सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**पटना :** बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों को शुक्रवार को बजट सत्र की समाप्ति के साथ अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। विधानसभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा की तथा विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने भी परिषद की कार्यवाही स्थगित करने की घोषणा की। दो फरवरी से शुरू हुए बजट सत्र के दौरान वर्ष 2026-27 के लिए 3.47 लाख करोड़ रुपये का राज्य बजट पेश किया गया।

### बालोतरा जिले में सड़क हादसे में छह लोगों की मौत: पुलिस

**जयपुर :** राजस्थान के बालोतरा जिले में शुक्रवार शाम सड़क हादसे में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई जबकि कई व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। बालोतरा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरफूल सिंह ने कहा, सरवड़ी गांव के पास एक बस के आगे चल रहे ट्रेलर से टकराने पर छह लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर यह हादसा सरवड़ी गांव के पास हुआ जब स्लीपर बस आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गई। अधिकारियों के अनुसार हादसा भीषण था और बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी।

### अखिलेश यादव ने एनसीईआरटी विवाद को लेकर भाजपा पर साधा निशाना

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा आठवीं की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक को लेकर छिड़े विवाद के संबंध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर शुक्रवार को निशाना साधा और आश्चर्य जताया कि ''भाजपाई सरकार चला रहे हैं या मनमानी का सर्कस?'' उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा बड़े-बड़े आरोप लगाती है और बाद में पकड़े जाने पर खेद व्यक्त करती है। उनकी यह टिप्पणी उच्चतम न्यायालय द्वारा एनसीईआरटी की पुस्तक के भविष्य में किसी भी प्रकाशन, पुनर्मुद्रण या डिजिटल प्रसार पर ''पूर्ण प्रतिबंध'' लगाए जाने के एक दिन बाद आई है।

### आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद दोषियों ने न्यायाधीश को दी धमकी

**बिजनौर (उप्र) :** बिजनौर जिले की एक अदालत में दो व्यक्तियों ने आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के तुरंत बाद न्यायाधीश को धमकी दी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजीत पवार ने बताया कि जयदीप और पिंटू चौहान को 19 मई 2024 को धामपुर क्षेत्र के मटौरा दुर्गा गांव में पुखराज को कार से कुचलकर उसकी हत्या के मामले में बृहस्पतिवार को दोषी ठहराया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (चतुर्थ) निजेन्द्र कुमार ने दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पवार के अनुसार, सजा सुनाए जाने के तुरंत बाद दोषियों ने न्यायाधीश को धमकी देते हुए कहा कि वे जानते हैं कि वह कहां रहते हैं और उन्हें नहीं छोड़ेंगे। पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह ने बताया कि धमकी के बाद न्यायाधीश की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### बिहार पुलिस ने 1.23 करोड़ रुपये मूल्य का 246 किलो गांजा जब्त किया, दो गिरफ्तार

**किशनगंज (बिहार) :** पुलिस ने बिहार के किशनगंज जिले में शुक्रवार को करीब 1.23 करोड़ रुपये मूल्य का 246 किलोग्राम गांजा जब्त किया और इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मधुबनी जिले के रहने वाले मोहम्मद इम्तियाज और विजय कुमार ठाकुर के रूप में हुई है। किशनगंज के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संतोष कुमार ने कहा, जांच के लिए सीमेंट से लदे असम की पंजीकरण संख्या वाले एक ट्रक को रोका गया। दंडाधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर सीमेंट की खेप के नीचे विशेष रूप से बनाए गए गुप्त खांचे में छिपाकर रखे गए 39 पैकेट में गांजा बरामद किया गया। इसका कुल वजन 246 किलोग्राम है।

# बिहार दौरे के अंतिम दिन अमित शाह ने पूर्णिया में शीर्ष अधिकारियों के साथ की बैठक

**पूर्णिया :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन दिवसीय बिहार यात्रा के अंतिम दिन शुक्रवार को पूर्णिया में शीर्ष अधिकारियों के साथ एक बैठक कर रणनीतिक रूप से संवेदनशील सीमांचल क्षेत्र की आंतरिक सुरक्षा स्थिति समेत कानून-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न अहम मुद्दों की गहन समीक्षा की। गृह मंत्री के साथ बैठक में प्रदेश के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और पुलिस महानिदेशक विनय कुमार मौजूद थे। इसके अलावा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद थे। पूर्णिया में आयोजित इस उच्चस्तरीय बैठक की तस्वीरें चौधरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की। बिहार सरकार में गृह विभाग का




प्रभार संभाल रहे चौधरी ने बैठक को महत्वपूर्ण बताया। शाह के दौरे से पहले पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने संवाददाताओं से कहा था, माननीय गृह मंत्री के साथ बैठक निर्धारित है, जिसमें वह सीमा प्रबंधन को प्रभावी बनाने तथा तस्करी और मादक पदार्थों जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने के उपायों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देंगे। उन्होंने 25 फरवरी को अपने दौरे की शुरुआत की थी, जब उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन कार्यरत वैधानिक निकाय 'लैंड पोर्ट्स प्राधिकरण' की बैठक की अध्यक्षता की। यह निकाय देश में सीमा अवसंरचना के निर्माण, उन्नयन, रखरखाव और प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है। गृह मंत्री ने बृहस्पतिवार को अररिया का दौरा किया, जहां उन्होंने सशस्त्र सीमा बल की दो सीमा चौकियों को राष्ट्र को समर्पित किया और 175 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश से हर एक घुसपैठिए को बाहर निकालना नरेंद्र मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य अनियंत्रित घुसपैठ के कारण जनसांख्यिकीय बदलाव के प्रति संवेदनशील हो गए हैं। शाह ने यह भी विश्वास जताया कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव जीतेगी और राज्य से घुसपैठियों को बाहर निकालेगी।

## यौन शोषण मामले में अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर रोक

**प्रयागराज/वाराणसी**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बटुकों के कथित यौन शोषण मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की गिरफ्तारी पर शुक्रवार को रोक लगा दी और कहा कि निर्णय आने तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। अदालत ने राज्य सरकार एवं मुकदमा के वादी आशुतोष पांडेय को इस मामले में अपने जवाब दाखिल करने को कहा। अदालत ने अग्रिम जमानत याचिका पर अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया जिसके मार्च के तीसरे सप्ताह में सुनाए जाने की संभावना है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता इस मामले की जांच में पुलिस का सहयोग करेंगे।

### यौन शोषण मामले में सच सामने लाने को 'नार्को टेस्ट' के लिए तैयार हूं: अविमुक्तेश्वरानंद



**वाराणसी :** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शुक्रवार को कहा कि उनके खिलाफ बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) के तहत दर्ज मामले में यदि सच्चाई का पता लगाने के लिए 'नार्को टेस्ट' जरूरी हो तो वह इसके लिए तैयार हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, यदि नार्को टेस्ट से सच्चाई सामने आ सकती है तो यह अवश्य किया जाना चाहिए। सच उजागर करने के लिए जो भी तरीके उपलब्ध हैं, उन्हें अपनाया जाना चाहिए। 'नार्को टेस्ट' एक वैज्ञानिक जांच प्रक्रिया है, जिसमें किसी संदिग्ध को 'सोडियम पेंटोथल' जैसी दवा दी जाती है। इसके असर से वह पूरी तरह होश में नहीं रहता, लेकिन सवालों के जवाब दे सकता है जिससे उसके सच बोलने की संभावना बढ़ जाती है। यह परीक्षण अदालत की अनुमति और व्यक्ति की सहमति के बाद विशेषज्ञों की निगरानी में ही होता है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा, झूठ अधिक समय तक नहीं टिकता। जिन्होंने झूठी कहानी गढ़ी है, वे बेनकाब हो रहे हैं। जैसे-जैसे लोगों को इस मनगढ़ंत मामले की जानकारी होगी, सच्चाई स्पष्ट हो जाएगी।

### रांची में एक छात्रा का शव छात्रावास के कमरे में फंदे से लटका मिला

**रांची :** झारखंड में रांची के एक निजी कॉलेज की छात्रा का शव छात्रावास के कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार रात अंगारा थाना क्षेत्र में घटी। पुलिस ने कहा कि मृतका की पहचान सरायकेला जिले की निवासी संजना हेम्ब्रोम (20) के रूप में हुई है, जो बी.कॉम की प्रथम वर्ष की छात्रा थी। अंगारा थाने के प्रभारी अधिकारी गौतम कुमार राजवार ने बताया, प्रारंभिक जांच से आत्महत्या का मामला सामने आया है। अब तक उसके कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। शव को राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### गोरखपुर में जमीनी विवाद में अधिवक्ता की पीट-पीटकर हत्या, मामला दर्ज

**गोरखपुर (उप्र) :** गोरखपुर जिले के बांसगांव नगर पंचायत क्षेत्र में शुक्रवार सुबह जमीनी विवाद में एक अधिवक्ता की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृत अधिवक्ता की पहचान बांसगांव नगर पंचायत के वार्ड नंबर नौ के निवासी अग्निवेश सिंह (42) के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि नाली का पानी उनकी जमीन पर जाने को लेकर हुए झगड़े के बाद विरोधियों ने उन पर हमला किया। परिवार वालों ने आरोप लगाया कि कुछ गांववालों ने उनपर तब हमला किया जब उन्होंने अपनी जमीन से होकर नाली का पानी निकालने से जुड़ी जबरदस्ती और पाइप बिछाने का विरोध किया। पुलिस के मुताबिक, झगड़ा सुबह करीब 9.30 बजे हुआ, जब नगर पंचायत वार्ड नंबर नौ में नाली बना रही थी। मृतक के भाई अधिवक्ता नीतीश सिंह ने पुलिस को बताया कि संजय सिंह, सौरभ सिंह और सौरभ की मां नाली का पानी निकालने के लिए अग्निवेश की जमीन में पाइप बिछाने की कोशिश कर रहे थे। जब अग्निवेश ने इसका विरोध किया, तो उन्होंने कथित तौर पर उस पर हमला करना शुरू कर दिया। अग्निवेश को गंभीर चोटें आईं और चिकित्सक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उसे मृत घोषित कर दिया।

### राजस्थान: फर्जी दस्तावेज बनाकर बीमा पालिसी के पैसे हड़पने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**जयपुर :** डूंगरपुर जिले में पुलिस ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने फर्जी दस्तावेज बनाकर बीमा पालिसी के पैसे हड़पने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। डूंगरपुर के जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने शुक्रवार को कहा कि एक निजी जीवन बीमा कंपनी से शिकायत मिली थी कि उसकी डूंगरपुर शाखा के कुछ कर्मचारी दस्तावेज में फेरबदल कर रहे हैं तथा पुरानी व 'निष्क्रिय' पॉलिसी के पैसे अन्य बैंक खातों में भेजकर धोखाधड़ी कर रहे हैं। पुलिस ने जांच करते हुए कंपनी के शाखा कार्यालय से कंप्यूटर, मोबाइल फोन व कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए जिनका इस्तेमाल कथित तौर पर नकली रिकॉर्ड बनाने के लिए किया गया था।

## राजस्थान में निजी बस संचालकों की हड़ताल खत्म, 35 हजार बसें सड़कों पर लौटेंगी

**जयपुर :** राजस्थान में निजी बस संचालकों ने कई दिनों से जारी अपनी हड़ताल बृहस्पतिवार देर रात वापस ले ली, जिससे प्रतिदिन यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को राहत मिली है। बस संचालकों ने परिवहन विभाग और जयपुर जिला प्रशासन के साथ बैठक के बाद यह निर्णय लिया। इसके साथ ही राज्य में हजारों निजी बसों के दोबारा संचालन का रास्ता साफ हो गया है। परिवहन मुख्यालय में हुई बैठक में जयपुर के जिलाधिकारी जितेंद्र सोनी, परिवहन आयुक्त पुरुषोत्तम शर्मा और 'ऑल राजस्थान कॉन्ट्रैक्ट कैरिज बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन' के प्रतिनिधि शामिल हुए। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने कहा कि अधिकारियों



के साथ बातचीत के दौरान उनकी कुछ मांगों पर सहमति बनी है। साथ ही आश्वासन दिया गया है कि शेष मांगों पर विधानसभा का बजट सत्र समाप्त होने के बाद विचार किया जाएगा। समझौते के बाद निजी बस संचालकों ने हड़ताल वापस लेने और बसों का संचालन फिर से शुरू करने का फैसला किया। हड़ताल के कारण पूरे राज्य में करीब 35,000 निजी बसों का संचालन ठप था।

## प्रधानमंत्री मोदी आज अजमेर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे

**जयपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को अपने राजस्थान दौरे के दौरान अजमेर में 16,680 करोड़ रुपये से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। मोदी वहां एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके अनुसार प्रधानमंत्री मोदी 28 फरवरी को राजस्थान के अजमेर का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री सुबह लगभग 11:30 बजे 16,680 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत, उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। ये परियोजनाएं शहरी विकास, पेयजल आपूर्ति, सड़कें, सिंचाई व ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी हैं। इस अवसर पर वह जनसभा को भी संबोधित करेंगे।



आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री 14 वर्ष की उम्र की लड़कियों के वास्ते ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत करेंगे। इसके अनुसार इस पहल का उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर को रोकना है जो महिलाओं में कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है और यह देश भर में लड़कियों और महिलाओं के दीर्घकालिक स्वास्थ्य की सुरक्षा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रधानमंत्री सड़क संपर्क को बढ़ावा देते हुए कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे जिनमें बांदीकुई से जयपुर तक चार-लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे शामिल हैं। वह जोधपुर शहर में चार-लेन एलिवेटेड रोड और बारां जिले में मालबमोरी-मंगरोल-बारां राज्य राजमार्ग की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री सभी के लिए सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप नोनेरा प्रमुख पेयजल परियोजना के चार पैकेजों और परवान अकावाद प्रमुख पेयजल परियोजना के पांच पैकेजों की आधारशिला रखेंगे।

## भारतीय वायुसेना ने पाक सीमा के पास पोकरण में 'वायुशक्ति' में दिखाई अपनी ताकत

**जैसलमेर :** भारतीय वायुसेना ने शुक्रवार शाम भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पोकरण में 'वायुशक्ति' अभ्यास में अपनी ताकत का प्रदर्शन किया जिसे देखने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी मौजूद थीं। जैसलमेर जिले में थार के रेगिस्तानी इलाके में वायुसेना ने इस अभ्यास में अपनी जंगी ताकत दिखाई। शुक्रवार शाम शुरू हुए इस अभ्यास के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत से हुई। अभ्यास के दौरान तीन किलोमीटर के इलाके में फैले लक्ष्यों को दिखाया गया। प्रदर्शन के लिए बनाए गए लक्ष्यों में दुश्मन का रनवे, पेट्रोलियम भंडार, बंकर, राडार स्थल, टैंक और सशस्त्र काफिले, कम्युनिकेशन सेंटर, आतंकी शिविर, शस्त्र भंडार व हैंगर शामिल था। इसके बाद लड़ाकू विमान व युद्धक हेलीकॉप्टर ने तालमेल बिठाकर ऑपरेशन शुरू किया।इसमें रणनीति बनाना, लक्ष्य को चिह्नित करना व लक्ष्यों को तबाह करना शामिल है। इसके तहत जगुआर



और मिराज लड़ाकू विमानों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान अपने 'हमले के समन्वित तरीके' को दोहराते हुए एक साथ लक्ष्यों को निशाना बनाया। सुखोई लड़ाकू मिग ने 'आतंकी शिविर' पर हमला किया। स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' ने नकल 'रीफ्यूलिंग पॉइंट' पर हमला करके अपनी फुर्ती दिखाई। अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर, मिराज लड़ाकू विमान और एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर ने भी समन्वित ऑपरेशन में हिस्सा लिया।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी से जुड़े दोहरी नागरिकता विवाद में अगली सुनवाई नौ मार्च

**लखनऊ :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने निचली अदालत द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विरुद्ध कथित दोहरी नागरिकता विवाद के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश देने से इंकार किए जाने को चुनौती देने वाली एक याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की। उच्च न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई नौ मार्च को तय की है। न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश एस. विग्नेश शिशिर द्वारा दायर याचिका पर दिया। याची ने 28 जनवरी 2026 को विशेष सांसद-विधायक अदालत द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी है, जिसमें अदालत ने राहुल गांधी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की उसकी प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया था। विशेष अदालत ने कहा था कि वह नागरिकता के प्रश्न पर निर्णय लेने के लिए सक्षम नहीं है। याची ने गांधी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विस्तृत जांच कराने की मांग की है। उसने गांधी पर भारतीय न्याय संहिता, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, विदेशी अधिनियम तथा पासपोर्ट अधिनियम के अंतर्गत कई आरोप लगाए हैं। यह शिकायत प्रारंभ में रायबरेली स्थित विशेष सांसद-विधायक अदालत में दायर की गई थी, किंतु शिकायतकर्ता विग्नेश की याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने 17 दिसंबर 2025 को उक्त आपराधिक वाद को रायबरेली से लखनऊ स्थानांतरित कर दिया था।

## झारखंड: रांची में जंगली हाथी घुसा, पांच घंटे बाद जंगल लौटा

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में शुक्रवार सुबह घुस आया एक जंगली हाथी पांच घंटे तक दहशत फैलाने के बाद जंगल में लौट गया। वन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि हाथी बिरसा चौक और रांची हवाई अड्डे के आसपास घूमता रहा और वन विभाग की एक टीम ने सुबह करीब 10 बजे सफलतापूर्वक उसे शहर से बाहर जंगल में भेज दिया। रांची के संभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) श्रीकांत वर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हाथी संभवतः अपने मार्ग से भटक गया और रांची में प्रवेश कर गया। चूंकि बच्चों के स्कूल का समय था, इसलिए हमने सभी सुरक्षा उपायों का पालन किया।'' वर्मा ने बताया कि अपराह्न करीब ढाई



बजे हाथी रांची शहर से लगभग 12 किलोमीटर दूर एक वन क्षेत्र में था। उन्होंने कहा, ''इससे शहर में कोई नुकसान नहीं हुआ।'' डीएफओ ने कहा कि हाथी अक्सर हलहू वन क्षेत्र से धुर्वा बांध तक आ जाते हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि हाथी को सुबह करीब पांच बजे राष्ट्रीय उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएएमटी) के पास देखा गया था। यह पहली बार नहीं है जब कोई हाथी रांची शहर के आसपास के इलाके में घुस आया हो।

## लखनऊ में लोक भवन के पास महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास, पुलिस ने बचाया

**लखनऊ :** भूमि विवाद में अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर कार्रवाई नहीं किये जाने से परेशान एक महिला ने शुक्रवार दोपहर यहां हजरतगंज इलाके में लोक भवन के पास आत्मदाह करने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस ने उसे बचा लिया। यह घटना राज्य की राजधानी में उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र लोक भवन रोड पर सेक्टर -1 में एक बैरिकेड के पास दोपहर करीब एक बजे हुई। लखनऊ पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, सुखदेव सिंह की पत्नी और शहर के मानकनगर की निवासी संध्या सिंह मौके पर पहुंची और कथित तौर पर खुद को आग लगाने की कोशिश में खुद पर



एक ज्वलनशील पदार्थ डाला। बयान के अनुसार वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों ने तत्परता से उसे रोका और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की। बाद में उसे पूछताछ के लिए हजरतगंज थाने ले जाया गया और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान, महिला ने आरोप लगाया कि उसके पड़ोसी इकबाल सिंह ने उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया है। महिला ने दावा किया कि जब उसने विरोध किया तो उसे और उसके परिवार को धमकी दी गई। महिला ने कहा कि उसने पहले भूमि के सीमांकन की मांग की थी और इस संबंध में कई आवेदन दिए थे, लेकिन अब तक उनकी जमीन का स्पष्ट सीमांकन नहीं किया गया है। बाद में पुलिस ने महिला को मानक नगर थाने की टीम को सौंप दिया। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय पुलिस उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए भूमि विवाद की निष्पक्ष जांच के लिए राजस्व विभाग के साथ समन्वय करेगी।

### वाराणसी में दुकान से 10 हजार रुपये के अंतर्वस्त्र चोरी, तीन महिलाओं पर मामला दर्ज

**वाराणसी (उप्र) :** वाराणसी के चेतगंज इलाके में एक दुकान से कथित तौर पर 10,000 रुपये के अंतर्वस्त्र चोरी किए जाने के मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चेतगंज थाना प्रभारी विजय कुमार शुक्ला ने बताया कि दुकान के मालिक सुदीप सिंह ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 24 फरवरी की शाम तीन महिलाएं उनकी दुकान में आईं। उन्होंने शिकायत के हवाले से कहा, जब 'सेल्सगर्ल' (दुकान की कर्मचारी) सामान लाने के लिए अंदर गई, तब महिलाओं ने कथित रूप से करीब 10,000 रुपये के अंतर्वस्त्र अपने बैग में रख लिए। थाना प्रभारी ने कहा, सामान के सत्यापन के दौरान सिंह को चोरी का पता चला। इसके बाद उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार, दुकानदार ने घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सौंपी है। जांच के दौरान आरोपी महिलाओं में से एक की पहचान एक व्यापारी संघ की पूर्व अध्यक्ष के रूप में हुई



है। पुलिस ने कहा कि मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना का कथित वीडियो सार्वजनिक होने के बाद आरोपी महिलाओं में से एक सुनीता सोनी ने अपने बचाव में बयान जारी किया। महिला ने कहा कि वह बाजार गई थी और उनके साथ आई महिलाएं जौनपुर से थीं। सुनीता ने दावा किया कि दुकान पर कुछ सामान उपलब्ध नहीं था और उसने एक समाह बाद सामान लेने के लिए अपना मोबाइल नंबर भी दुकानदार को दिया था। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि मेरे साथ आई महिलाएं दुकान से क्या लिया होगा। मैं दुकान मालिक और पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग करूंगी।

# मुख्यमंत्री योगी की जापान यात्रा हरित ऊर्जा में उप्र को अग्रणी बनाने में अहम साबित होगी

**लखनऊ :** हरित ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) में उत्तर प्रदेश को वैश्विक मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जापान यात्रा मील का पत्थर साबित होगी। यामानाशी प्रांत के साथ हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) में ग्रीन हाइड्रोजन को सहयोग का केंद्रीय आधार बनाया गया है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी चार दिवसीय सिंगापुर व जापान की आधिकारिक यात्रा पूर्ण कर शुक्रवार सुबह लखनऊ लौट आए। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वरिष्ठ अधिकारियों ने



उनका स्वागत किया। बयान में कहा गया कि उत्पादन, अत्याधुनिक तकनीकी साझेदारी, अनुसंधान, कौशल प्रशिक्षण और औद्योगिक उपयोग के व्यापक आयाम शामिल हैं। ऊर्जा आत्मनिर्भरता, औद्योगिक प्रतिस्पर्धा और नेट जीरो लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में यह एक ऐतिहासिक और दूरगामी कदम है, जो उत्तर प्रदेश को स्वच्छ ऊर्जा क्रांति का नेतृत्वकर्ता बना सकता है। उत्तर प्रदेश सरकार के बजट 2026-27 में अतिरिक्त ऊर्जा विकास के लिए 2,104 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। यामानाशी को ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक के मामले में अग्रणी क्षेत्र माना जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां स्थित 'अत्याधुनिक हाइड्रोजन ऊर्जा सुविधा केंद्र' का दौरा कर 'पावर टू गैस' प्रणाली का विस्तृत अवलोकन किया। इस प्रणाली के अंतर्गत सौर और पवन ऊर्जा से उत्पादित बिजली को इलेक्ट्रोलिसिस के माध्यम से हाइड्रोजन में परिवर्तित किया जाता है। बयान के अनुसार यह हाइड्रोजन ऊर्जा भंडारण, ईंधन और स्वच्छ परिवहन में उपयोग की जाती है, जिससे कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आती है। योगी ने स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश में भी इस मॉडल को अपनाने की संभावनाओं पर कार्य किया जाएगा। ग्रीन हाइड्रोजन सहयोग का सबसे महत्वपूर्ण पहलू शैक्षणिक और तकनीकी प्रशिक्षण है।

## शाहजहांपुर में 'लाट साहब' जुलूस से पहले पुलिस ने 3,500 लोगों पर कार्रवाई की

**शाहजहांपुर (उप्र) :** शाहजहांपुर जिले में निकाले जाने वाले 'लाट साहब' के जुलूस को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने एहतियात के तौर पर 3500 लोगों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने यह जानकारी दी। 'जूता मार होली' शाहजहांपुर में होली के अवसर पर मनाई जाने वाली सदियों पुरानी एक अनूठी परंपरा है, जिसमें लोग रंगों से खेलते हुए भैंसागाड़ी पर सवार ब्रिटिश-युग के अधिकारी (लाट साहब) की वेशभूषा धारण किये व्यक्ति पर जूते और चप्पलें उछालते हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि इसके साथ ही इस बार जुलूस मार्ग पर बनी इमारतों पर भी पुलिस बल तैनात रहेगा। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने शुक्रवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि लाट साहब के जुलूस को



सकुशल संपन्न करने के लिए प्रशासन ने लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बार बड़े तथा छोटे लाट साहब के जुलूस में मार्ग पर पड़ने वाले भवन तथा इमारतों पर सशस्त्र पुलिस बल के जवान तैनात रहेंगे जो जुलूस पर नजर रखेंगे। उन्होंने बताया की नगर में 3500 लोगों पर कार्रवाई की गई है। इसके अलावा 500 लोगों को रेड कार्ड जारी किए गए हैं। रेड कार्ड धारक को अपने घर से निकलने की मनाही है। अगर इसके बाद भी वह घर से निकलता है तो उस पर सीधे और बड़ी कार्रवाई की जाएगी। द्विवेदी ने बताया कि 25 ऐसे अपराधियों को चिह्नित किया गया है जिन्हें होली से पहले ही जिला बदर कर दिया जाएगा। इसके साथ ही 1000 ऐसे लोगों को भी चिह्नित किया गया है जिनके खिलाफ वारंट पुलिस के पास होगा और उन्हें आवश्यकता पड़ने पर तत्काल गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 'डॉल्फिन हंटर' आईएनएस अंजदीप का जलावतरण हुआ, नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता को बढ़ाएगा

**चेन्नई :** भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को आईएनएस अंजदीप युद्धपोत का जलावतरण किया। इस युद्धपोत का उद्देश्य भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं और तटीय निगरानी को बढ़ाना है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने चेन्नई बंदरगाह पर पोत का जलावतरण किया। आईएनएस अंजदीप 'एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट' परियोजना के तहत बनाए जा रहे आठ पोतों में से तीसरा है। यह पोत 'डॉल्फिन हंटर' के रूप में कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य तटीय क्षेत्रों में दुश्मन पनडुब्बियों का पता लगाना, उनका पीछा करना और उन्हें नष्ट करना है। चेन्नई बंदरगाह पर आयोजित एक अधिकारिक समारोह



में एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों, सरकारी अधिकारियों और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से पोत का जलावतरण किया। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, 77 मीटर लंबे इस पोत में एक 'हाई-स्पीड वाटर-जेट प्रोपल्शन सिस्टम' लगा है, जो इसे त्वरित प्रतिक्रिया और निरंतर संचालन के लिए 25 समुद्री मील की अधिकतम गति हासिल करने में सक्षम बनाता है। नौसेना ने कहा कि कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा निर्मित अंजदीप एक अत्याधुनिक युद्धपोत है, जिसे विशेष रूप से तटीय और राष्ट्र की सुरक्षा के लिहाज से अहम, उथले जल क्षेत्रों में परिचालन की चुनौतियों से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है। पनडुब्बी रोधी युद्ध (एंटी-सबमरीन वॉरफेयर) भूमिका के अलावा यह पोत तटीय निगरानी, कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों तथा खोज एवं बचाव अभियानों को अंजाम देने में भी सक्षम है। यह पोत स्वदेशी, अत्याधुनिक पनडुब्बी रोधी युद्धक हथियारों और सेंसर पैकेज से लैस है जिसमें 'सोनार अभय' भी शामिल है और यह हल्के टॉरपीडो एवं पनडुब्बी रोधी रॉकेटों से युक्त है।

## नौसेना का 2035 तक 200 से अधिक जहाजों का लक्ष्य : एडमिरल त्रिपाठी

**चेन्नई :** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने शुक्रवार को यहां कहा कि भारतीय नौसेना का लक्ष्य 2035 तक 200 से अधिक जहाजों वाले नौसैन्य बल के रूप में परिवर्तित होने का है और 2026 में 15 अतिरिक्त जहाजों को शामिल करने की योजना है। उन्होंने यहां चेन्नई बंदरगाह पर 'आईएनएस अंजदीप' को सेवा में शामिल किए जाने के बाद कहा कि नौसेना का दीर्घकालिक लक्ष्य घटक स्तर पर पोत निर्माण में पूर्ण आत्मनिर्भरता हासिल करना और 2047 तक पूरी तरह से आत्मनिर्भर बल के रूप में विकसित होना है। त्रिपाठी ने कहा, 'नौसेना की अभियानगत क्षमता हिंद महासागर क्षेत्र और उससे आगे तक फैली हुई है, जिसमें नौसैन्य इकाइयां निगरानी, जलदस्यु रोधी और समन्वित गश्त के लिए लगातार तैनात रहती हैं, जो निरंतर पहुंच और विश्वसनीय अभियान क्षमता को दर्शाती हैं।' उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा 'मेक इन इंडिया' से 'ट्रस्ट इन इंडिया' तक आगे बढ़ चुकी है, और 'हमने आत्मनिर्भर भारत को न केवल एक रणनीतिक अनिवार्यता के रूप में बल्कि भविष्य की सुरक्षा की दिशा में एक निवेश के रूप में भी अपनाया है।'

## केरल उच्च न्यायालय ने 'द केरल स्टोरी 2' के प्रदर्शन का मार्ग प्रशस्त किया

**कोच्चि :** न्यायालय ने शुक्रवार को 'द केरल स्टोरी 2-गोज बियॉन्ड' फिल्म के प्रदर्शन का मार्ग प्रशस्त करते हुए एकल न्यायाधीश के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसके तहत फिल्म की रिलीज पर 15 दिन की रोक लगा दी गई थी। फिल्म की रिलीज पर रोक लगने के कुछ घंटों बाद, बृहस्पतिवार देर रात फिल्म निर्माता विपुल अमृतलाल शाह द्वारा दायर अपील पर न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति पी वी बालकृष्णन की पीठ ने अंतरिम आदेश पारित किया। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि एकल न्यायाधीश का यह निष्कर्ष कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) द्वारा प्रमाणन के लिए दिशानिर्देशों को ध्यान में नहीं रखा गया है, ''केवल कुछ क्लिप के आधार पर और फिल्म देखे बिना'' दिया गया है और इसलिए, इसे सही नहीं माना जा सकता। इसने कहा, ''इसके अलावा, यह तथ्य कि अपीलकर्ता (शाह) ने सीबीएफसी के निर्देशों के अनुसार फिल्म में जोड़-तोड़, काट-छांट और संशोधन किए हैं, इस बात को और भी पुष्ट करता है कि प्रमाणपत्र प्रदान करते समय बोर्ड ने सोच-समझकर निर्णय लिया है।'' पीठ ने कहा कि एक बार प्रमाणपत्र जारी हो जाने के बाद, प्रथम दृष्टया यह माना जाता है कि संबंधित प्राधिकार ने सार्वजनिक व्यवस्था सहित सभी दिशानिर्देशों को ध्यान में रखा है। अदालत ने यह भी कहा कि इस अनुमान में यह शामिल है कि फिल्म का समग्र रूप से उसके समग्र प्रभावों के दृष्टिकोण से मूल्यांकन किया गया है, जिसमें सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952 और संबंधित दिशानिर्देशों में प्रतिपादित सिद्धांतों को ध्यान में रखा गया है।

## भारत और ब्रिटेन ने आतंकवाद और खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों के खिलाफ सक्रिय सहयोग पर चर्चा की

**नयी दिल्ली :** भारत और ब्रिटेन ने आतंकवाद और संगठित अपराध के खिलाफ सक्रिय सहयोग के लिए आपसी हितों और तालमेल के नए क्षेत्रों की शुक्रवार को पहचान की। इन क्षेत्रों में ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थक चरमपंथी भी शामिल हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यहां आयोजित छठे भारत-ब्रिटेन गृह मामलों के संवाद (एचएडी) के दौरान, भारत ने ब्रिटेन में भारतीय गणमान्य व्यक्तियों और राजनयिक मिशनों की सुरक्षा में चूक को लेकर भी अपनी चिंता व्यक्त की। बयान के अनुसार भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सचिव



(सीमा प्रबंधन) डॉ. राजेंद्र कुमार ने किया, जबकि ब्रिटेन के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व गृह मंत्रालय के द्वितीय स्थायी सचिव साइमन रिडले ने किया। दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों ने चर्चा में भाग लिया। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने सहयोग के मौजूदा स्तर पर संतोष व्यक्त किया और दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को बढ़ाने की गति को बनाए रखते हुए द्विपक्षीय जुड़ाव को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। इसमें कहा गया है, ''बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने जारी सहयोग का आकलन किया और आतंकवाद और संगठित अपराधों से निपटने में सक्रिय सहयोग के लिए पारस्परिक हितों और तालमेल के अन्य क्षेत्रों की पहचान की, जिनमें खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों और ब्रिटेन में भारत विरोधी समूहों की गतिविधियों, मादक पदार्थों की तस्करी, प्रवासन, आपराधिक न्याय और कानून प्रवर्तन सहयोग, साइबर सुरक्षा आदि मुद्दे शामिल हैं।''

## कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भारत की चार दिवसीय यात्रा शुरू की

**नयी दिल्ली :** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने शुक्रवार को भारत की चार दिवसीय यात्रा शुरू की। इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार, ऊर्जा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में महत्वाकांक्षी द्विपक्षीय साझेदारी स्थापित करना है। कार्नी एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मुंबई पहुंचे, जहां वह शीर्ष भारतीय और कनाडाई कॉर्पोरेट हस्तियों, वित्तीय विशेषज्ञों और नवोन्मेषकों के साथ बातचीत करेंगे।कार्नी ने सोशल मीडिया पर कहा, ''भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। हम व्यापारिक हस्तियों से मिलने और ऐसी साझेदारियां स्थापित करने के लिए अभी मुंबई पहुंचे हैं जो कनाडाई श्रमिकों और व्यवसायों के लिए नए अवसर खोलेंगी।''

## जुबीन गर्ग की मौत मामले में असम सरकार ने त्वरित अदालत के लिए जोर दिया, पत्नी ने किया स्वागत

**गुवाहाटी :** गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले की सुनवाई में तेजी लाने के लिए गुवाहाटी उच्च न्यायालय से त्वरित अदालत गठित करने का अनुरोध करने के असम सरकार के फैसले का गायक की पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग ने शुक्रवार को स्वागत किया। गरिमा ने कहा कि परिवार, प्रशंसक और शुभचिंतक सभी चाहते हैं कि उनके पति की मौत के जिम्मेदार लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा था कि राज्य मंत्रिमंडल ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय से त्वरित अदालत की मांग करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला गर्ग परिवार के अनुरोध पर लिया गया, हालांकि सरकार मौजूदा अदालत की कार्यवाही से संतुष्ट है। जुबीन गर्ग का पिछले वर्ष 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैराकी के दौरान निधन हो गया था। वह वहां चौथे नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में भाग लेने गए थे।

## मानसिक स्वास्थ्य अध्ययन में भारतीय युवाओं का स्थान 60वां, बुजुर्गों का प्रदर्शन बेहतर

**नयी दिल्ली :** भारतीय युवाओं ने मानसिक स्वास्थ्य भागफल (एमएचक्यू) स्कोर में खराब प्रदर्शन किया है और जारी एक वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य अध्ययन में शामिल 84 देशों में उनका स्थान 60वां रहा है। अमेरिका स्थित सैपियन लैब्स द्वारा किए गए अध्ययन 'ग्लोबल माइंड हेल्थ इन 2025' से यह भी बात सामने आयी है कि 18-34 आयु वर्ग के भारतीय युवाओं ने ना केवल वैश्विक स्तर पर खराब प्रदर्शन किया है, बल्कि 55 वर्ष से अधिक आयु के भारतीयों की तुलना में मानसिक स्वास्थ्य मापदंडों पर भी उनका प्रदर्शन खराब रहा है। 55 वर्ष से अधिक आयु के भारतीयों का 49वां स्थान रहा है। अध्ययन के अनुसार, भारत में युवाओं का औसत एमएचक्यू स्कोर लगभग 33



था, जिसे तनावग्रस्त या संघर्षरत श्रेणी के अंतर्गत परिभाषित किया गया है, जबकि 55 वर्ष से अधिक आयु वालों का औसत लगभग 100 था, जो प्रबंधन या सफलता श्रेणी को दर्शाता है। सैपियन लैब्स संस्थापक और मुख्य वैज्ञानिक तारा त्यागराजन ने रिपोर्ट में कहा, जब से हमने 2019 में मापन शुरू किया है, 55 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों का मानसिक स्वास्थ्य लगातार लगभग 100 के स्कोर पर बना हुआ है, जो कि सामान्य आबादी के मानसिक स्वास्थ्य की अपेक्षित सीमा है। दूसरी ओर, 35 वर्ष से कम आयु के युवा, जो कोविड-19 महामारी से पहले ही अपने माता-पिता और दादा-दादी की तुलना में संघर्ष कर रहे थे, महामारी के दौरान उनकी स्थिति में तेजी से गिरावट आई, जिससे वे अभी तक उबर नहीं पाए हैं। भौगोलिक दृष्टि से, सभी देशों में 18-34 आयु वर्ग के लोगों की स्थिति अधिक आयु के वयस्कों की तुलना में खराब रही। जिन देशों में मानसिक स्वास्थ्य अपेक्षाकृत बेहतर है, वे मुख्य रूप से उप-सहारा अफ्रीका में स्थित हैं और इनमें घाना, नाइजीरिया, जिम्बाब्वे, केन्या और तंजानिया शामिल हैं। सबसे निचले पायदान पर जापान, ताइवान, हांगकांग, ब्रिटेन और चीन हैं।

## झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने महेंद्र सिंह धोनी को आवासीय भूखंड के 'दुरुपयोग' को लेकर नोटिस जारी किया

**रांची :** झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने रांची में एक आवासीय भूखंड के कथित दुरुपयोग के मामले में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को नोटिस जारी किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नोटिस के अनुसार, धोनी को आवंटित भूखंड आवासीय उपयोग के लिए था, लेकिन इसका उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, झारखंड राज्य आवास बोर्ड द्वारा क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को एक आवासीय भूखंड आवंटित किया गया था, लेकिन पाया गया कि इसका उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा था। हमने नियमों और मानदंडों के उल्लंघन के लिए उन्हें नोटिस जारी किया है। पासवान ने कहा कि नियमों और विनियमों का उल्लंघन जांच के दौरान पाया गया और धोनी को अंतिम नोटिस जारी किया गया है। अधिकारी ने बताया कि आदेश का पालन नहीं करने पर भूखंड का आवंटन रद्द करने के लिये कदम उठाए जाएंगे। धोनी फिलहाल रिंग रोड स्थित अपने नए आवास में रहते हैं। वह पहले हरमू रोड स्थित आवास में रहते थे। आरोप सामने आए थे कि हरमू रोड स्थित संपत्ति में एक डायग्नोस्टिक केंद्र संचालित किया जा रहा था, जिसके बाद बोर्ड ने इस मामले की जांच शुरू की। इस बीच, हरमू रोड पर भाजपा के राज्य कार्यालय के संबंध में भी आवासीय भूखंडों का गैर-आवासीय उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाने के इसी प्रकार के आरोप सामने आए हैं। बोर्ड ने इस मामले में भी पहले नोटिस जारी किए थे। अधिकारियों ने बताया कि दोनों मामलों में जांच जारी है और जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पीएमएलए मामला: ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए अनिल अंबानी

**नयी दिल्ली :** रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष शुक्रवार को पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। एजेंसी यस बैंक से जुड़े धनशोधन मामले में उनका बयान दर्ज करना चाहती थी। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि, वह पेश नहीं हुए। अधिकारियों ने बताया कि यह तत्काल पता नहीं चल पाया कि ईडी ने क्या उन्हें कोई नयी तारीख दी है। अधिकारियों ने बताया कि अनिल अंबानी की पत्नी टीना अंबानी को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने पूछताछ टालने का अनुरोध किया और उन्हें बाद में बुलाया जा सकता है।

## देशद्रोह से जुड़ी बीएनएस की धारा 152 पर उच्चतम न्यायालय की बड़ी टिप्पणी, कहा- संसद को कानून बनाने का अधिकार



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि संसद को कानून बनाने का पूर्ण विशेषाधिकार है और वह केंद्र द्वारा अदालत के समक्ष दिए गए किसी भी शपथपत्र से बाध्य नहीं है। ये टिप्पणी प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने की, जो भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152 की वैधता पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152 भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्यों से संबंधित है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए अधिवक्ताओं में से एक ने कहा कि धारा 152 पूर्ववर्ती भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए (राजद्रोह) को पुनः लागू करती है। मई 2022 में, उच्चतम न्यायालय की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने राजद्रोह से संबंधित औपनिवेशिक काल के दंड कानून पर तब तक रोक लगा दी थी, जब तक कि एक उपयुक्त सरकारी प्राधिकार इसकी पुनः समीक्षा नहीं करता और केंद्र एवं राज्यों को इस अपराध का हवाला देते हुए कोई भी नयी प्राथमिकी दर्ज नहीं करने का निर्देश दिया था।

## शराब नीति के 'फर्जी' मामले के जरिए मेरी ईमानदारी और प्रतिष्ठा पर हमला किया गया : केजरीवाल



**नयी दिल्ली :** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने शराब नीति संबंधी एक 'फर्जी' मामले के माध्यम से आम आदमी पार्टी (आप) को खत्म करने की साजिश रची। इससे पहले, शहर की एक अदालत ने राजनीतिक रूप से संवेदनशील शराब नीति मामले में केजरीवाल, दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को आरोप मुक्त कर दिया। मामले में 'क्लीन चिट' मिलने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख ने कहा कि वे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज किए गए मामलों के संबंध में आरोप मुक्त करने के लिए अदालत में आवेदन दाखिल करेंगे।

### केजरीवाल के घर पर जश्न; खुशी से नाचते कार्यकर्ताओं ने लड्डू और गुझिया बांटी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में फिरोज शाह रोड पर पांचवे नंबर के जिस बंगले में कभी माहौल शांत रहता था वहां शुक्रवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आबकारी मामले में आरोपमुक्त होने के बाद जश्न मनाया गया। इस बंगले में आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ता ढोल की थाप पर नाच रहे थे। वरिष्ठ नेता तथा पार्टी विधायक 'अरविंद केजरीवाल जिंदाबाद' के नारे लगा रहे थे। लोगों को लड्डू और गुझिया बांटे जा रहे थे। बंगले के अंदर, केजरीवाल अपनी पत्नी और बच्चों को गले लगाते हुए भावुक नजर आए। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी इस जश्न में मौजूद थे। उन्हें भी इस मामले में आरोपमुक्त किया गया है।

## एनसीईआरटी ने सलाह जारी की : प्रतिबंधित पाठ्यपुस्तक लौटाएं, विवादित पाठ संबंधी ऑनलाइन सामग्री हटाएं

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने शुक्रवार को एक परामर्श जारी कर कहा कि जिन लोगों के पास 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' के अध्याय वाली आठवीं कक्षा की प्रतिबंधित पाठ्यपुस्तकें हैं, वे उन्हें जल्द से जल्द लौटाएं। एनसीईआरटी ने कड़े शब्दों में जारी परामर्श में यह भी आह्वान किया है कि सोशल मीडिया पर साझा की गई प्रतिबंधित पाठ्यपुस्तकों के विवादास्पद अध्याय से जुड़ी सामग्री को तत्काल हटाया जाए। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को बृहस्पतिवार को पत्र लिखकर उनसे एनसीईआरटी की विवादास्पद पाठ्यपुस्तक का डिजिटल मंचों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिए प्रसार रोकने को कहा था।

## आईआईएमसी पत्रकारों को विशेषज्ञता प्रदान करने वाला फेलोशिप कार्यक्रम शुरू करेगा : वैष्णव

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) अगले सत्र से पत्रकारों के लिए एक फेलोशिप कार्यक्रम शुरू करेगा, जिसमें उन्हें प्रौद्योगिकी, अर्थशास्त्र और रणनीति जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान की जाएगी। वैष्णव ने यहां आईआईएमसी के 57वें दीक्षांत समारोह से इतर यह बात कही। मंत्री ने कहा, ''मैं आपको बताना चाहता हूं कि अगले सत्र से हम पत्रकारों के लिए एक फेलोशिप कार्यक्रम शुरू कर रहे हैं, ताकि उन्हें विशिष्ट क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करने का अवसर मिल सके।'' उन्होंने कहा, ''हमने वैश्विक स्तर पर देखा है कि पत्रकारों को



प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था, रणनीति और कई अन्य क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करने का अवसर मिलता है, ताकि वे ज्ञान का संचय कर सकें और अपनी शोध क्षमता को निखार सकें। अगले सत्र से हम इसे (आईआईएमसी में) शुरू करेंगे।'' सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने कहा कि आईआईएमसी भारत के प्रमुख संस्थानों में से एक है और यहां 'प्लेसमेंट' की दर काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि आईआईएमसी के छात्रों की मीडिया जगत में काफी मांग है और आज संस्थान में दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उपराष्ट्रपति ने नये शैक्षणिक भवन की आधारशिला रखी। वैष्णव ने कहा, ''हमने आईआईएमसी में एक इनक्यूबेटर भी स्थापित किया है। मैंने स्टार्टअप से बातचीत की। बहुत ही रचनात्मक विचार सामने आ रहे हैं। मैं विशेष रूप से उस स्टार्टअप से प्रभावित हूं जो भारतीय लोक कथाएं तैयार कर रहे हैं और उन्हें नयी तकनीक पर आधारित किस्सागोई में परिवर्तित कर रहे हैं।''

## जयललिता के कभी विश्वासपात्र रहे पनीरसेल्वम द्रमुक में शामिल



**चेन्नई :** एक समय अन्नाद्रमुक की दिवंगत नेता जयललिता के विश्वासपात्र रहे ओ पनीरसेल्वम शुक्रवार को राज्य के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की मौजूदगी में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) में शामिल हो गए। पनीरसेल्वम तीन बार तमिलनाडु के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। 2022 में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) से निष्कासित किए जाने से पहले वह पार्टी के शीर्ष पदों पर भी रह चुके थे। अन्नाद्रमुक में फिर से शामिल होने के लिए तीन साल के असफल

**हावड़ा रेलवे स्टेशन पर एम-यूटीएस सहायकों की नियुक्ति**

**एम-यूटीएस उपकरण का उपयोग करके अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु**

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

**आवेदन सूचना सं. : सीओएम/सीएफ/यूटीएस/एम-यूटीएस सहायक/एचडब्ल्यूएच/25/4**

**दिनांक: 28.02.2026**

एम-यूटीएस सहायक योजना के अनुसार एम-यूटीएस उपकरण का उपयोग करके अनारक्षित टिकटों के वितरण हेतु हावड़ा रेलवे स्टेशन पर एम-यूटीएस सहायकों की नियुक्ति के लिए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा मंडल सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों और जनसाधारण से आवेदन आमंत्रित करते हैं। (1) **चयन प्रक्रिया:** यदि नियुक्त किए जाने वाले आवश्यक एम-यूटीएस सहायकों की संख्या की तुलना में अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं, तो सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी को वरीयता दी जाएगी। यदि सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों की संख्या भी नियुक्त किए जाने वाले आवश्यक एम-यूटीएस सहायकों की संख्या से अधिक है, तो चयन लॉटरी के आधार पर किया जाएगा। सभी सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों पर विचार करने के बाद ही एम-यूटीएस सहायक पद के लिए आवेदन करने वाले निजी व्यक्तियों की पात्रता के आधार चयन किया जाएगा। उनकी संख्या अधिक होने की स्थिति में निजी आवेदकों का चयन लॉटरी के आधार पर किया जाएगा। (2) **नियुक्ति का कार्यकाल:** एम-यूटीएस सहायक का कार्यकाल दिनांक 31.08.2026 तक होगा। (3) एम-यूटीएस सहायक को मौजूदा लागू एटीवीएम फैसिलिटेटर के लिए स्वीकार्य अनुसार बोनस मिलेगा यानी 150 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए 3%; 151 किलोमीटर और 500 किलोमीटर के बीच यात्रा के लिए @ 2%; 500 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए एक टिकट की यात्रा पर @ 1% की दर से। एम-यूटीएस सहायक द्वारा वितरित प्रत्येक टिकट के मूल्य पर स्वीकार्य बोनस देय होगा। बोनस राशि स्वचालित रूप से एम-यूटीएस एजेंट के अग्रिम टिकट जमा खाते में जोड़ दी जाएगी। (4) **बयाना राशि:** रु. 10,000/- की बयाना राशि के साथ आवेदन जमा किया जाना चाहिए (एफए एंड सीएओ, पूर्व रेलवे, कोलकाता के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/फिक्स्ड डिपॉजिट/मनी रिसीट/बैंक गारंटी के रूप में)। (5) **प्रतिभूति जमा:** चयनित एम-यूटीएस सहायक द्वारा डिमांड ड्राफ्ट/फिक्स्ड डिपॉजिट/मनी रिसीट/बैंक गारंटी के रूप में रु 1,00,000/- की वापसी योग्य प्रतिभूति जमा राशि जमा की जाएगी। यदि चयनित आवेदक सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी है, तो प्रतिभूति जमा केवल रु. 20,000/- होगी। (6) **पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र:** चयनित आवेदक को अपने इलाके की सेवा करने वाले पुलिस स्टेशन से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उसका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और उसके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है। (7) किसी भी व्यक्ति को एम-यूटीएस सहायक के रूप में नियुक्त करने से उस व्यक्ति को रेलवे में रोजगार पाने का कोई अधिकार और / या दावा प्राप्त नहीं होगा। रेलवे सेवा में बहाली, सेवा का नियमितीकरण, बोनस, रेलवे पास सुविधाएँ आदि जैसे कोई लाभ एम-यूटीएस सहायक या उसके कानूनी उत्तराधिकारियों को नहीं प्राप्त होंगे। इस विषय में कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा। एम-यूटीएस सहायक रेलवे को वर्तमान या भविष्य में किसी भी देयताओं से मुक्त रखेगा। (8) नियुक्ति के लिए सामान्य शर्तें, आवेदन फॉर्म, पात्रता मानदंड, चयन प्रक्रिया और कार्यप्रणाली आदि निविदा फॉर्म में उपलब्ध होंगे और ये वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** के 'टेंडर' टैब से डाउनलोड किए जा सकते हैं और मुहरबंद लिफाफे में आवेदन फॉर्म **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा मंडल, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग (प्रथम तल), (रेल म्यूजियम के पास), हावड़ा-711101 के कार्यालय** में इस उद्देश्य के लिए रखे गए बॉक्स में डाला जाना चाहिए। डाक के माध्यम से प्राप्त आवेदन को सरासर रद्द कर दिया जाएगा। (9) **महत्वपूर्ण तिथियाँ:** वेबसाइट में आवेदन फॉर्म का प्रकाशन और डाउनलोडिंग दिनांक 28.02.2026 **को** 00.05 **बजे** से शुरू होगा। आवेदन फॉर्म जमा करना दिनांक 02.03.2026 **को** 11.30 **बजे** से शुरू होगा। आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक 16.03.2026 **को** 12.30 **बजे** है। आवेदन फॉर्म खुलने की तिथि 16.03.2026 **को** 13.00 **बजे** है।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**सियालदह मंडल के तहत एटीवीएम फैसिलिटेटरों की नियुक्ति**

**सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों, उनके पति-पत्नी/सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों के वयस्क बच्चे और जनसाधारण हेतु**

**सूचना सं. सीसी.3/यूटीएस/एटीवीएम/फैसिलिटेटर/एसडीएएच/2025 (फेज 2)**

**दिनांक: 26.02.2026**

**यह कोई रेलवे कार्य नहीं है, यह एक एजेंट जैसा कार्य है**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह एटीवीएम मशीनों से अनारक्षित पेपर टिकटों को जारी करने के लिए नियुक्ति की तिथि से 02 (दो) वर्ष की अवधि हेतु एटीवीएम फैसिलिटेटर के रूप में कार्य करने के लिए **सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों एवं उनके पति-पत्नी/सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों के वयस्क बच्चे और जनसाधारण** से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित करते हैं। **वेबसाइट पर आवेदन की उपलब्धता दिनांक 02.03.2026 को 11.00 बजे से है एवं आवेदन करने की अंतिम तिथि और समय दिनांक 24.03.2026 को 14.00 बजे है।**

**स्मार्ट कार्ड रिचार्ज पर बोनस 150 किमी. तक की यात्रा के लिए @3% होगा। 151 किमी. और 500 किमी. के बीच की यात्रा के लिए बोनस @ 2% होगा और उसके बाद, 500 किमी. से ज़्यादा दूरी के लिए जारी किए गए टिकटों पर @1% बोनस दिया जाएगा। यह परिवर्तन एनएसजी1, एनएसजी2 और एनएसजी 3 कैटेगरी के स्टेशनों पर लागू होगा। अन्य कैटेगरी के स्टेशनों के लिए 150 किमी. की दूरी की सीमा की मौजूदा नीति जारी रहेगी, अर्थात 150 किमी. तक @3%**

**क्रम सं. एवं स्टेशन जहाँ एटीवीएम संचालित हैं और एटीवीएम फैसिलिटेटरों की आवश्यकता है, उनके नाम निम्नानुसार हैं:** (1) आड़ंघाटा, (2) अगरपाड़ा, (3) आकड़ा, (4) अशोकनगर, (5) बहारु, (6) बिनय बादल दिनेश बाग, (7) बिराटी, (8) बिद्याधरपुर, (9) बाघाजतीन, (10) बगुला, (11) बीरनगर, (12) बीरा, (13) बेलघड़िया, (14) बालीगंज जंक्शन, (15) बालीघाट, (16) बिधाननगर रोड, (17) बैरकपुर, (18) बिशरपाड़ा कोदालिया, (19) बसीरहाट, (20) भासिला, (21) बारासात जंक्शन, (22) चकदह, (23) चाँदपाड़ा, (24) चांपाहाटी, (25) चम्पापुकुर, (26) देउला, (27) दक्षिणेश्वर, (28) दमदम कैन्टोनमेंट, (29) दमदम जंक्शन, (30) दुर्गानगर, (31) ढाकुरिया, (32) धामुया, (33) दत्तपुकुर, (34) फुलिया, (35) गोबरडांगा, (36) गंगनापुर, (37) गड़िया, (38) गोपालनगर (39) घुटियारी शरीफ, (40) गुमा, (41) हाबरा, (42) हृदयपुर, (43) हालिशहर, (44) हासनाबाद, (45) होटर, (46) इच्छापुर,(47) जादवपुर, (48) जगद्दल, (49) जयनगर मजिलपुर, (50) कामागाटा मारु बजबज, (51) खड़दह, (52) कालिकापुर, (53) कल्याणी घोषपाड़ा, (54) कृष्णनगर सिटी जंक्शन, (55) कांकिनाड़ा, (56) कोलकाता टर्मिनल, (57) कांचरापाड़ा, (58) कल्याणी, (59) कल्याणपुर (60) माझेरग्राम, (61) मल्लिकपुर, (62) मगराहाट (63) माझदिया, (64) माझेरहाट, (65) मध्यमग्राम, (66) मदनपुर, (67) मथुरापुर रोड, (68) मछलंदपुर, (69) न्यू अलीपुर, (70) नंगी, (71) न्यू बैरकपुर, (72) न्यू गड़िया, (73) नामखाना, (74) पियाली (75) पार्क सर्कस, (76) पालता, (77) रानाघाट जंक्शन, (78) सियालदह, (79) सोदपुर, (80) सिमुराली, (81) श्यामनगर, (82) संग्रामपुर, (83) सोनारपुर जंक्शन, (84) संतोषपुर, (85) शासन रोड, (86) शांतिपुर जंक्शन, (87) टीटागढ़, (88) ठाकुरनगर, (89) टालीगंज और (90) तालदी।

सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी और/या उनके पति-पत्नी/18 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्क बच्चे एवं जनसाधारण जो उपर्युक्त स्थानों में एटीवीएम फैसिलिटेटर के रूप में कार्य को इच्छुक हैं, वे नियुक्ति के लिए सामान्य शर्तें, आवेदन फॉर्म, पात्रता मानदंड, कार्यकाल, चयन प्रक्रिया, कार्यप्रणाली एवं नियम और शर्तें आदि वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं और **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कक्ष सं. 44, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 के कार्यालय** में इसे जमा कर सकते हैं। किसी भी या सारे आवेदनों को बिना कोई कारण बताए स्थगित करने/रूपांतरित करने या रद्द करने अथवा किसी भी आवेदन को स्वीकार करने का अधिकार रेल प्रशासन के पास सुरक्षित है।

**समझदार बनें, कतार से बचें, एटीवीएम का इस्तेमाल करें**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पाकिस्तान की नजर बड़ी जीत पर, सम्मानजनक विदाई लेना चाहेगा श्रीलंका

**पाल्लेकल :** अगर मगर की कठिन डगर पर फंसा पाकिस्तान सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखने के लिए शनिवार को यहां वाले टी20 विश्व कप सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगा जबकि संघर्षरत श्रीलंका सम्मानजनक विदाई लेने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पाकिस्तान का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है और वह अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर है। इस ग्रुप से इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका है जबकि न्यूजीलैंड और पाकिस्तान अंतिम चार में जगह बनाने की होड़ में हैं। श्रीलंका अपने पहले दो मैच हार कर पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है। अगर पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की बात करें तो कीवी टीम बेहतर स्थिति में नजर आ रही है। न्यूजीलैंड के तीन अंक हैं और उसका नेट रन रेट (3.050) भी पाकिस्तान से बेहतर है। पाकिस्तान का अभी तक केवल एक अंक है और उसका नेट रन रेट भी माइनस 0.461 है।

## अभिषेक को रक्षात्मक खेलते देखकर हैरानी हुई, लेकिन उन्होंने आलोचकों को चुप करा दिया: गावस्कर

**नयी दिल्ली :** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ अर्धशतक लगाकर आलोचकों को चुप कराने के लिए अभिषेक शर्मा की सराहना की लेकिन साथ ही कहा कि उन्हें इस विस्फोटक बल्लेबाज को रक्षात्मक शॉट खेलते देखकर हैरानी हुई। अभिषेक इस टूर्नामेंट के दौरान अस्वस्थ भी रहे और तीन मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाए। उन्होंने हालांकि जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की 72 रन की जीत में 30 गेंदों में 55 रन बनाकर फॉर्म में वापसी का संकेत दिया। गावस्कर ने जियोस्टार से कहा, ''हम जानते हैं कि अभिषेक शर्मा कितने अच्छे बल्लेबाज। जिम्बाब्वे के खिलाफ 55 रन की इस पारी से उन्होंने अपने आलोचकों को चुप करा दिया।''

# जैक्स और रेहान के हरफनमौला खेल से इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को हराया



**कोलंबो :** विल जैक्स और रेहान अहमद के सर्वांगीण प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने अंतरराष्ट्रीय टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में न्यूजीलैंड को चार विकेट से पराजित कर दिया। इंग्लैंड ने तीन गेंद शेष रहते 160 रन का लक्ष्य प्राप्त कर उल्लेखनीय विजय दर्ज की।पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने सात विकेट पर 159 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स ने 39, टिम सीफर्ट ने 35 और फिन एलेन ने 29 रन का योगदान दिया। हालांकि इंग्लैंड के स्पिन आक्रमण ने बीच के ओवरों में दबाव बनाते हुए बड़े स्कोर की संभावना को सीमित कर दिया। जैक्स और रेहान ने दो-दो विकेट प्राप्त किए, जबकि आदिल रशीद ने संयमित गेंदबाजी की।लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्यूसन ने शुरुआती झटके देकर इंग्लैंड को दो रन पर दो विकेट के संकट में डाल दिया। जोस बटलर खाता खोले बिना आउट हो गए। कप्तान हैरी ब्रूक ने 26 रन बनाकर पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन फिलिप्स ने उनका महत्वपूर्ण विकेट लेकर दबाव बनाए रखा। 17 ओवर में छह विकेट पर 117 रन बनने के बाद इंग्लैंड को अंतिम तीन ओवर में 43 रन की आवश्यकता थी। ऐसे कठिन समय में जैक्स और रेहान ने सातवें विकेट के लिए 16 गेंद में नाबाद 44 रन की साझेदारी कर मैच का रुख बदल दिया। 18वें ओवर में 22 रन जुटाकर उन्होंने समीकरण आसान किया और अंततः टीम को जीत दिलाई। जैक्स 32 रन बनाकर नाबाद रहे और उन्हें मुकाबले का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, जबकि रेहान ने सात गेंद में नाबाद 19 रन जोड़े। इस विजय के साथ इंग्लैंड अपने समूह में शीर्ष स्थान पर रहकर अंतिम चार में पहुंच चुका है।

### इंग्लैंड से हार के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए न्यूजीलैंड को करना होगा इंतजार

इंग्लैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के मैच में शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया। इस हार के साथ ही सेमीफाइनल में क्वालीफाई करने के लिए न्यूजीलैंड को अब पाकिस्तान बनाम श्रीलंका के मैच का परिणाम का इंतजार करना होगा। पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुका इंग्लैंड सुपर आठ के अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहा।

## भारत-वेस्टइंडीज 'वर्चुअल क्वार्टर फाइनल' में ईडन गार्डन्स पर रन वर्षा की उम्मीद



भारतीय टीम कोलकाता पहुंची

**कोलकाता :** भारत का रविवार को टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ 'वर्चुअल क्वार्टर फाइनल' उसी पिच पर खेला जाएगा जहां स्कॉटलैंड ने टूर्नामेंट का पहला 200 रन से अधिक का स्कोर बनाया था। स्थानीय क्यूरेटर सुजान मुखर्जी के अनुसार भारत और वेस्टइंडीज के बीच सुपर आठ का मुकाबला उसी पिच पर होगा जिस पर टी20 विश्व कप का दूसरा मैच खेला गया था। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने शुक्रवार शाम पिच और आउटफील्ड को पूरी तरह ढकने से पहले उसका निरीक्षण किया। पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष ने मुखर्जी और बोर्ड के मुख्य क्यूरेटर आशीष भौमिक के साथ लंबी चर्चा की। पूर्व भारतीय कप्तान ने दोनों छोर से पिच की सतह का मुआयना किया। मुखर्जी ने पीटीआई से कहा, 'गांगुली पिच की तैयारी देखकर खुश दिखे। यह वही पिच है जिसका इस्तेमाल विश्व कप के दूसरे मैच में हुआ था। यह पारंपरिक ईडन विकेट है जिस पर काफी रन बनते हैं और गेंदबाजों के लिए भी कुछ न कुछ होता है।' उन्होंने साथ ही कहा कि मैदान पर काफी ओस भी रहने की संभावना है। स्कॉटलैंड ने नौ फरवरी को इटली के खिलाफ चार विकेट पर 207 रन का स्कोर बनाकर इस विश्व कप का पहला 200 रन से ज्यादा का स्कोर दर्ज किया। उसने इटली को 134 पर आउट कर दिया। पिच काफी सूखी होने की संभावना है जिसके कारण स्पिन गेंदबाजी फिर से अहम भूमिका निभा सकती है। हालांकि ईडन पिच पर अच्छा उछाल मिलता है। इंग्लैंड के मुकाबलों में यह साफ देखा गया जहां जोफ्रा आर्चर ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या भी अपने मौके को भुनाने की उम्मीद रख सकते हैं।

## शास्त्री के नाम पर होगा वानखेड़े स्टेडियम में एक स्टैंड



**मुंबई :** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने शुक्रवार को घोषणा की कि मशहूर वानखड़े स्टेडियम के एक स्टैंड का नाम भारत के पूर्व ऑलराउंडर रवि शास्त्री के नाम पर रखा जाएगा और साथ ही दिलीप सरदेसाई, एकनाथ सोलकर और डायना एडुल्जी के नाम पर भी गेट समर्पित किए गए। स्टेडियम में जहां स्टैंड का नाम मुंबई के पूर्व कप्तान शास्त्री के सम्मान में रखा जाएगा तो वहीं स्थल के तीन अलग-अलग गेट शहर के खिलाड़ियों के नाम पर रखे जाएंगे। एमसीए ने कहा, 'शीर्ष परिषद ने मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में प्रेस बॉक्स के नीचे लेवल एक स्टैंड का नाम भारत के पूर्व कप्तान और मशहूर कमेंटेटर रवि शास्त्री के नाम पर रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुंबई और भारतीय क्रिकेट में एक खिलाड़ी और एक कोच दोनों के तौर पर उनके शानदार योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया है।' ये फैसले यहां एमसीए की शीर्ष परिषद बैठक के दौरान लिए गए। गेट नंबर तीन का नाम सरदेसाई के नाम पर रखा जाएगा जिन्होंने 1960-61 और 1972-73 के बीच भारत के लिए 30 टेस्ट और कुल 179 प्रथम श्रेणी मैच खेले थे।

## जॉर्जिया वोल का शतक, ऑस्ट्रेलिया ने भारत से लगातार 12वीं वनडे श्रृंखला जीती





**होबार्ट :** जॉर्जिया वोल के आकर्षक शतक की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को यहां मौजूदा चैंपियन भारत को दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 83 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 251 रन बनाए। प्रतिका रावल की 81 गेंद पर खेली गई 52 रन की पारी से भारत ने अच्छी शुरुआत की। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके लगाए। भारतीय टीम हालांकि बीच के ओवरों में लड़खड़ा गई। इसके बाद हरमनप्रीत ने 70 गेंद पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई जॉर्जिया वोल (82 गेंद पर 101 रन, 13 चौके, एक छक्का) और फीबी लिचफील्ड (62 गेंद पर 80 रन) की उम्दा पारियों की मदद से 36.1 ओवर में पांच विकेट पर 252 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इस तरह से ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में अपना शानदार रिकॉर्ड जारी रखा। ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक भारत के खिलाफ सभी 12 द्विपक्षीय वनडे श्रृंखलाएं जीती हैं।

## जम्मू-कश्मीर पहला रणजी खिताब जीतने के करीब



**हुबली (कर्नाटक) :** अनुभवी तेज गेंदबाज औकिब नबी (54 रन देकर पांच विकेट) और सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल के शानदार प्रदर्शन से जम्मू-कश्मीर की टीम शुक्रवार को यहां चौथे दिन कर्नाटक के खिलाफ विशाल बढ़त की बदौलत अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने के करीब पहुंच गई है। इकबाल (नाबाद 94) के सातवें प्रथम श्रेणी अर्धशतक से जम्मू-कश्मीर ने स्टंप तक दूसरी पारी में चार विकेट पर 186 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 477 रन की कर ली। दिन की शुरूआत में नबी ने सत्र का सातवीं बार पांच विकेट झटकने का कारनामा किया जिससे कर्नाटक की टीम पहली पारी में 293 रन पर सिमट गई और जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में 291 रन की बढ़त हासिल की। कर्नाटक की पारी में पूर्व कप्तान मयंक अग्रवाल (266 गेंद में 160 रन) के शतक का अहम योगदान रहा क्योंकि अन्य खिलाड़ी संभलकर नहीं खेल सके। पर नबी के पांच विकेट अग्रवाल के शानदार शतक पर भारी पड़े। जम्मू-कश्मीर का यह तेज गेंदबाज बेहतरीन फॉर्म में था। कर्नाटक ने सुबह पांच विकेट पर 220 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया। हालांकि जम्मू-कश्मीर के 584 रन के स्कोर को पार करना मुश्किल था लेकिन कर्नाटक को उम्मीद थी कि उसके बल्लेबाज अच्छी साझेदारी करने का प्रयत्न करेंगे।

## भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता का निधन



**अलीगढ़/नोएडा :** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का शुक्रवार तड़के लंबी बीमारी के बाद ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में निधन हो गया। परिवार के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सिंह 58 वर्ष के थे और कैंसर से पीड़ित थे। काफी समय से ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज हो रहा था। अस्पताल के चिकित्सकों ने यह जानकारी दी। ग्रेटर नोएडा के यथार्थ हॉस्पिटल के प्रवक्ता डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि रिंकू के पिता लिवर के कैंसर से जूझ रहे थे। हाल में उनकी तबीयत काफी बिगड़ गई थी, जिसके बाद 21 फरवरी से वह अस्पताल में ही भर्ती थे। उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली 'वेंटिलेटर' पर रखा गया था और आज तड़के उन्होंने अंतिम सांस ली। पिता की गंभीर हालत होने के कारण रिंकू को टी20 विश्वकप को बीच में छोड़कर यहां लौटना पड़ा था। हालांकि 26 फरवरी को जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच से पहले वह चेन्नई में भारतीय टीम के साथ जुड़ गए थे। रिंकू के पूर्व कोच मसूद अमिनी ने अलीगढ़ से 'पीटीआई-वीडियो' को बताया कि सिंह कैंसर से जूझ रहे थे। उन्होंने कहा, ''वह काफी समय से अस्वस्थ थे। उन्हें लिवर कैंसर था। पिछले तीन-चार दिनों से उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था।'' अमिनी ने बताया कि रिंकू के पिता ने अपने परिवार का भरण-पोषण करने और अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए अथक परिश्रम किया। उन्होंने कहा, ''खानचंद सिंह ने गैस सिलेंडर आपूर्ति का काम किया और अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए बहुत मेहनत की।''



## विदेशी मुद्रा भंडार 2.11 अरब डॉलर घटकर 723.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 2.11 अरब डॉलर घटकर 723.60 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व छह फरवरी को समाप्त सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 8.66 अरब डॉलर बढ़कर 725.72 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे टूटकर 91.08 पर बंद

**मुंबई :** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी पूंजी निकासी के कारण शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे टूटकर 91.08 पर बंद हुआ। विदेशीमुद्रा कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजार की नकारात्मक धारणा ने रुपये पर और दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 90.91 पर खुला और 90.91 से 91.08 के दायरे में घट-बढ़ के बाद अंत में 91.08 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 17 पैसे की गिरावट है।

## ताजा लिवाली से सोना 1,800 रुपये बढ़कर 1.64 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर

**नयी दिल्ली :** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,800 रुपये बढ़कर 1,64,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 1,62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच सोने की कीमत बढ़ी।

# अमेरिका में हो रहे घटनाक्रमों पर नजर, संयुक्त बयान में पुनर्संतुलन का प्रावधान: गोयल



**नयी दिल्ली :** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत अमेरिका में हाल ही में आए वहां के उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते में यह प्रावधान है कि परिस्थितियों के बदलने पर समझौते को संतुलित किया जा सकता है। गोयल का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सभी व्यापारिक साझेदारों पर 150 दिन के लिए 10 प्रतिशत अस्थायी आयात शुल्क लगाए जाने के बाद आया है। उच्चतम न्यायालय ने ट्रंप के अप्रैल 2025 के सभी आयातों पर जबावी शुल्क लगाने के फैसले को रद्द कर दिया है। इसके बाद 24 फरवरी से 10 प्रतिशत का यह अस्थायी शुल्क लागू हुआ। साथ ही, ट्रंप ने 24 फरवरी को यह भी कहा कि वह इन शुल्कों को बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर सकते हैं। जब गोयल से पूछा गया कि उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद क्या भारत की बातचीत की स्थिति बदल जाएगी, उन्होंने कहा, ''हमें देखना होगा। वैसे आपने अमेरिका के साथ हमारा साझा बयान तो पढ़ा ही होगा। उसमें साफ तौर पर कहा गया है कि अगर परिस्थितियां बदलती हैं, तो समझौते को दोबारा संतुलित किया जाएगा, ताकि दोनों पक्षों के हित सुरक्षित रहें।'' संयुक्त घोषणा में कहा गया था कि अगर किसी भी देश द्वारा तय किए गए आयात शुल्क में बदलाव होता है, तो दूसरा देश अपने समझौते के नियमों में बदलाव कर सकता है। इस बयान का हवाला देते हुए गोयल ने कहा, इसका मतलब है कि यह समझौता दोनों पक्षों के लिए समान रूप से सुरक्षित और मान्य है। वाणिज्य मंत्री ने 'न्यूज18 राइजिंग भारत समिट 2026' में कहा कि सात फरवरी को दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण की रूपरेखा तय कर ली थी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने मंत्रियों से सुधारों पर अपना एजेंडा पेश करने को कहा



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुधारों को लेकर महत्वाकांक्षी एजेंडा सामने रखते हुए अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों से कहा है कि वे अपने-अपने मंत्रालयों में आने वाले वर्षों में किए जाने वाले सुधारात्मक कदमों पर विस्तृत नोट तैयार करें। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि यह कवायद सरकार के सुधारों पर केंद्रित 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' एजेंडा का हिस्सा है जिसके तहत प्रक्रियाओं को सरल बनाना, कारोबारी सुगमता में सुधार करना और प्रौद्योगिकी-आधारित शासन का दायरा बढ़ाना लक्ष्य है। मंत्रियों से कहा गया है कि वे यह नोट स्वयं तैयार करें और केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में उसे पेश कर अपने मंत्रालय की गतिविधियों और सुधार दृष्टिकोण की जानकारी दें। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रिमंडलीय सचिवालय ने एक निर्धारित प्रारूप प्रसारित किया है, जिसमें हरेक मंत्रालय को पिछले कुछ वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों के साथ भविष्य की सुधार पहलों का विवरण देना होगा। इस प्रारूप में यह स्पष्ट करना होगा कि सुधार कब लागू किए गए या कब प्रस्तावित हैं और उन सुधारों से क्या परिणाम अपेक्षित हैं। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि हरेक मंत्रालय अपने सुधार एजेंडे को प्राथमिकता दे ताकि उसके परिणाम जमीनी स्तर पर दिखाई दें। यह समूची प्रक्रिया वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की व्यापक रूपरेखा का हिस्सा मानी जा रही है।

## एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2,666 करोड़ रुपये का दूसरा अंतरिम लाभांश दिया

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने विद्युत मंत्रालय को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दूसरे अंतरिम लाभांश के रूप में 2,666.58 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। एनटीपीसी ने बयान में कहा कि कंपनी के अधिकारियों ने 27 फरवरी को बिजली मंत्री मनोहर लाल को चेक सौंपा। कंपनी ने कहा कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 27 फरवरी 2026 को 2,666.58 करोड़ रुपये का दूसरा अंतरिम लाभांश दिया, जो कंपनी की चुकता शेयर पूंजी का 27.50 प्रतिशत है।''

## अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान एफडीआई 18 प्रतिशत बढ़कर 47.87 अरब डॉलर पर

**नयी दिल्ली :** चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 18 प्रतिशत बढ़कर 47.87 अरब डॉलर रहा। इस दौरान अमेरिका से आने वाला निवेश भी लगभग दोगुना होकर 7.80 अरब डॉलर हो गया। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। वित्त वर्ष 2024-25 की समान अवधि में देश के भीतर 40.67 अरब डॉलर एफडीआई आया था। वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर अवधि में इक्विटी में एफडीआई निवेश सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 12.69 अरब डॉलर रहा। हालांकि यह जून-सितंबर तिमाही के 16.55 अरब डॉलर से 23 प्रतिशत कम है।

## केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा जनवरी तक सालाना लक्ष्य का 63 प्रतिशत

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा जनवरी के अंत तक 9.8 लाख करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2025-26 के वार्षिक बजट लक्ष्य का 63 प्रतिशत है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 74.5 प्रतिशत था। केंद्र सरकार का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत, यानी 15.58 लाख करोड़ रुपये रहेगा। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2026 तक केंद्र को कुल 27.08 लाख करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जो संशोधित अनुमान (आरई) के तहत 2025-26 की कुल प्राप्तियों का 79.5 प्रतिशत है। इसमें 20.94 लाख करोड़ रुपये का कर राजस्व, 5.57 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व और 57,129 करोड़ रुपये की गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं। सीजीए के आंकड़ों के अनुसार, भारत सरकार ने करों के हिस्से के रूप में राज्यों को 11.39 लाख करोड़ रुपये हस्तांतरित किए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 65,588 करोड़ रुपये अधिक हैं। इसके अलावा, भारत सरकार का कुल व्यय 36.9 लाख करोड़ रुपये रहा, जो संशोधित अनुमान 2025-26 का 74.3 प्रतिशत है। इसमें से 28.47 लाख करोड़ रुपये राजस्व मद और 8.42 लाख करोड़ रुपये पूंजी मद में खर्च किए गए। कुल राजस्व व्यय में 9.88 लाख करोड़ रुपये ब्याज भुगतान और 3.54 लाख करोड़ रुपये प्रमुख सब्सिडी पर खर्च हुए।

## नई जीडीपी शृंखला जारी, आर्थिक वृद्धि दर 2025-26 में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नयी दिल्ली :** चालू वित्त वर्ष के लिए देश की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 7.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया गया है। आधार वर्ष में बदलाव और गणना पद्धति में संशोधन के बाद जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया गया है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने 2022-23 को नया आधार वर्ष बनाते हुए वार्षिक और तिमाही राष्ट्रीय लेखा अनुमान की नई शृंखला जारी की। इससे पहले आधार वर्ष 2011-12 था। यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) शृंखला के आधार वर्ष में नौवां संशोधन है। मंत्रालय ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में स्थिर कीमतों पर जीडीपी का आकार 322.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि 2024-25 में यह 299.89 लाख करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत रही थी।

## टाटा मोटर्स और वी.ओ. चिदंबरनार पत्तन प्राधिकरण के बीच समझौता, 40 हरित हाइड्रोजन ट्रक तैनात होंगे

**कोलकाता :** टाटा मोटर्स लिमिटेड ने तमिलनाडु के तूतीकोरिन स्थित वी.ओ. चिदंबरनार पत्तन प्राधिकरण के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के अंतर्गत पत्तन क्षेत्र में हरित हाइड्रोजन से संचालित 40 भारी क्षमता वाले ट्रकों की चरणबद्ध तैनाती की जाएगी। समझौते पर केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। योजना के अनुसार पहले एक हाइड्रोजन चालित ट्रक का परीक्षण आरंभ किया जाएगा, जिसके बाद अगले दो वर्षों में सभी 40 ट्रक संचालन में लाए जाएंगे। यह परियोजना मंत्रालय के सहयोग से संचालित होगी और पत्तन संचालन को स्वच्छ, प्रदूषण रहित तथा टिकाऊ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

## रेलवन सुपरऐप ने आठ माह में दो करोड़ डाउनलोड का आंकड़ा पार किया

**नई दिल्ली :** भारतीय रेल के रेलवन सुपरऐप ने शुभारंभ के आठ माह से भी कम समय में दो करोड़ डाउनलोड का उल्लेखनीय पड़ाव पार कर लिया है। यह अनुप्रयोग वर्तमान में प्रतिदिन लगभग छह लाख टिकटों की बुकिंग सुनिश्चित कर रहा है, जो इसकी व्यापक स्वीकार्यता, तकनीकी क्षमता और यात्रियों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। रेल सूचना प्रणाली केंद्र द्वारा विकसित इस डिजिटल मंच का शुभारंभ एक जुलाई 2025 को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया था। आरंभ के बाद से ही इसे देशभर के यात्रियों का उत्साहजनक प्रतिसाद मिला है।रेलवन एक समेकित डिजिटल द्वार के रूप में कार्य कर रहा है, जहां आरक्षित, अनारक्षित तथा प्लेटफार्म टिकट बुकिंग की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध है। इसके साथ ही यात्री पीएनआर स्थिति, रेलगाड़ी की समय सारिणी, सीट उपलब्धता और अन्य आवश्यक जानकारियां भी सहज रूप से प्राप्त कर सकते हैं। भारतीय रेल के डिजिटल रूपांतरण अभियान के अंतर्गत यह अनुप्रयोग यात्री सुविधा को सरल, पारदर्शी और त्वरित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्नत तकनीकी संरचना और उपयोगकर्ता अनुकूल स्वरूप के साथ रेलवन आधुनिक, प्रौद्योगिकी समर्थ रेल व्यवस्था की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में अग्रसर है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3517 अंक 327 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in